वर्ष-10 अंक-235 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये
प्रयागराज, शुक्रवार 29 नवम्बर, 2024
नगर संस्करण
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित
आधुनिक समाचार नेटर्वक
Download From
Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के प्रशांत विहार में मिठाई की दुकान के पास स्कूटर में धमाका, सफेद पाउडर जैसी चीज मिली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर है। प्रशांत विहार इलाके में मिठाई की दुकान के पास एक स्कूटर में जोरदार धमाका हुआ है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। देश की राजधानी दिल्ली के रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में एक स्कूटर में जोरदार धमाका हुआ है। धमाके से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इलाके में धमाके की तेज आवाज सुनी गई है। जानकारी के अनुसार, आज सुबह 11.48 बजे पुलिस को प्रशांत विहार इलाके से विस्फोट की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। शुरुआती जांच में सामने आया कि मिठाई की दुकान के पास एक स्कूटर में जोरदार धमाका हुआ है। अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौके पर सफेद पाउडर जैसी चीज मिलने की सूचना है। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है, इसके बाद ही स्पष्ट होगा। इससे पहले, रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में ही 20 अक्तूबर को धमाका हुआ था। सीआरपीएफ स्कूल की दीवार में यह धमाका हुआ था। सुबह में हुए धमाके के बाद ही आसपास के कई लोगों की नींद खुली। धमाका इतना जोरदार था कि करीब एक से दो किलोमीटर तक इसकी आवाज सुनी गई थी। आसपास के क्षेत्रों में 10 मिनट तक धुआं छाया रहा। कई गाड़ियों और दुकानों के शीशे टूट गए। गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। धमाके से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्कूल की दीवार में बड़ा होल हो गया था।

## कोयला वसूली घोटाले में पूर्व सीएम की उप-सचिव रहीं सौम्या की अंतरिम जमानत बढ़ी, 540 करोड़ के घपले का मामला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया की अंतरिम जमानत बढ़ा दी। सौम्या चौरसिया कथित कोयला वसूली घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 25 सितंबर को इस मामले में सौम्या चौरसिया को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि वह एक साल और नौ महीने से अधिक समय तक हिरासत में रह चुकी हैं और अभी तक उन पर आरोप भी तय नहीं हुए हैं। गुरुवार को सौम्या चौरसिया की अंतरिम जमानत मामले पर कोर्ट में फिर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पीठ ने मामले की मौजूदा स्थिति के बारे में पूछा तो सौम्या चौरसिया के वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि अभी तक मुकदमा शुरू भी नहीं हुआ है, जिसके बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने का आदेश दिया। अब सुप्रीम कोर्ट जनवरी के अंतिम सप्ताह में इस मामले पर फिर सुनवाई करेगा। छत्तीसगढ़ कैडर की सिविल सेवक चौरसिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यालय में उप सचिव और विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) थीं। बघेल सरकार में सौम्या चौरसिया काफी ताकतवर अधिकारी थीं और सचिवालय में उनका अच्छा खासा दबदबा था। ईडी की जांच में खुलासा हुआ था कि वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों से जुड़े एक कार्टेल द्वारा छत्तीसगढ़ में परिवहन किए गए प्रत्येक टन कोयले पर 25 रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। यह घोटाला कुल 540 करोड़ रुपये की जबरन वसूली का बताया जा रहा है। इस मामले में आयकर विभाग ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कराया था। इसी मामले में सौम्या चौरसिया को आरोपी बनाया गया है।



## दिल्ली में ईडी की टीम पर हमला, साइबर क्राइम से जुड़े मामले में जांच के लिए पहुंचे थे अफसर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला हुआ है। हमला उस वक्त हुआ, जब साइबर क्राइम से जुड़े मामले में जांच के लिए ईडी के अधिकारी छापेमारी के लिए पहुंचे थे। राजधानी दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय की टीम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के लिए पहुंची। जहां पर छापेमारी कर रही ईडी टीम पर हमला कर दिया। ईडी की टीम साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के लिए पहुंची थी। जांच एजेंसी ने दिल्ली के बिजवासन इलाके में हुई घटना के बारे में पुलिस में एफआईआर दर्ज करा दी है। यह जांच पीपीपीवाईएल साइबर ऐप धोखाधड़ी मामले से जुड़ी है। मामले में कथित आरोपियों, जिनमें अशोक शर्मा और उनके भाई शामिल हैं। कथित तौर पर ईडी टीम पर हमला किया। सूत्रों ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और स्थिति नियंत्रण में है।

## नवाब मलिक के खिलाफ समीर वानखेड़े की याचिका पर हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब, जांच की प्रगति पर किया सवाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वानखेड़े ने बीते हफ्ते ही हाईकोर्ट में याचिका लगा कर इस मामले को सीबीआई को सौंपे जाने की मांग की थी। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई आगे न बढ़ाने का आरोप लगाया था। मौजूदा





समय में वानखेड़े करदाता सेवाओं के निदेशालय में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर तैनात हैं और एससी महार समुदाय से आते हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को समीर वानखेड़े की तरफ से राकांपा नेता नवाब मलिक के खिलाफ दर्ज कराए गए एक मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने इस मामले में मुंबई पुलिस से जांच से जुड़ी जानकारी मांगी। बता दें कि समीर वानखेड़े आईआरएस (भारतीय राजस्व सेवा) के अफसर हैं और उन्होंने मलिक के खिलाफ अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। वानखेड़े ने बीते हफ्ते ही हाईकोर्ट में याचिका लगा कर इस मामले को सीबीआई को सौंपे जाने की मांग की थी। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई आगे न बढ़ाने का आरोप लगाया था। मौजूदा समय में वानखेड़े करदाता सेवाओं के निदेशालय में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर तैनात हैं और एससी महार समुदाय से आते हैं। इसी मामले पर सुनवाई के दौरान जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच ने मुंबई की गोरेगांव पुलिस स्टेशन के इस मामले से जुड़े पुलिस अधिकारी को केस डायरी के साथ अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि उसे दो हफ्ते के अंदर जांच से जुड़ी जानकारी चाहिए होगी। आईआरएस अफसर समीर वानखेड़े ने 2022 में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ गोरेगांव पुलिस के सामने अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि मलिक ने इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए वानखेड़े और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जाति आधारित अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। इस मामले में मलिक की न तो गिरफ्तारी हुई और न ही उनके खिलाफ अब तक चार्जशीट दाखिल हुई है। इसी को लेकर 20 नवंबर को समीर वानखेड़े ने याचिका दार की थी और कहा था कि पुलिस ने मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है और केस को सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि इस जांच को कोर्ट की निगरानी में कराया जाना चाहिए।

## परिवार के साथ संसद पहुंचीं प्रियंका, बहन की तस्वीरें खींचते नजर आए राहुल; तस्वीरें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**केरल ।** केरल के वायनाड से उपचुनाव जीत कर आईं प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें शपथ



दिलाई। इस मौके पर समस्त गांधी परिवार संसद में मौजूद रहा। इसके साथ ही देश की संसद में गांधी परिवार के एक और सदस्य का प्रवेश हो गया है। प्रियंका गांधी नेहरू परिवार की 16वीं सदस्य हैं जो लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं।देश के संसदीय इतिहास में ऐसा शायद ही हुआ होगा जब लोकसभा में गांधी परिवार का कम से कम एक सदस्य न पहुंचा हो। ऐसे भी मौके आए हैं जब गांधी नेहरू परिवार से जुड़े 5-5 सदस्य लोकसभा में एक साथ पहुंचे। मौजूदा लोकसभा में राहुल गांधी के बाद उनकी बहन प्रियंका भी संसद पहुंच गईं। राहुल और प्रियंका की मां सोनिया गांधी लंबे समय तक लोकसभा सांसद रही हैं। कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने हाल ही में वायनाड लोकसभा उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी यहां चुनावी मैदान में उतरी थीं। करीब साढ़े तीन दशक का खुद का राजनीतिक अनुभव बताने वाली प्रियंका पहली बार चुनावी राजनीति में दाखिल हुईं और वायनाड से उपचुनाव लड़ा।प्रियंका गांधी ने सक्रिय राजनीति में काफी देरी से कदम रखा। इससे पहले वो केवल अपनी मां और भाई के लिए चुनाव प्रचार करती हुई नजर आती थीं। 2004 के लोकसभा चुनाव में वह अपनी मां सोनिया गांधी की चुनाव अभियान प्रबंधक थीं और अपने भाई राहुल गांधी के चुनाव प्रबंधन में मदद की।वायनाड सीट पर हुए उपचुनाव में प्रियंका ने 410931 लाख वोट से जीत हासिल की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को 622338 वोट मिले थे। यहां दूसरे नंबर पर माकपा के सत्यन मोकेरी रहे, जिन्हें 211407 वोट मिले। वहीं तीसरे स्थान पर भाजपा की नाव्या हरिदास रहीं, जिन्हें 109939 वोट मिले हैं।

## परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघात से ख्-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण, चीन के खिलाफ बढ़ी भारत की ताकत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** के-4 बैलिस्टिक मिसाइल की मारक क्षमता 3500 किलोमीटर है। इससे नौसेना की ताकत में जबरदस्त इजाफा होगा। आईएनएस अरिघात को एक बार में 12 के-15, चार के-4 और 30 टॉरपीडो से लैस किया जा सकता है। भारतीय नौसेना ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बुधवार टॉरपीडो से लैस किया जा सकता है। किसी पनडुब्बी से के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का यह पहला सफल परीक्षण है। परीक्षण को लेकर अधिकारी सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व को विस्तृत जानकारी देंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह परीक्षण भारत की परमाणु क्षमता के लिहाज से बेहद अहम है और अब भारत



को के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। गौरतलब है कि के-4 मिसाइल का यह परीक्षण नौसेना में हाल ही में शामिल हुई परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघात से किया गया। परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघात का संचालन स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड द्वारा किया जाता है। के-4 बैलिस्टिक मिसाइल की मारक क्षमता 3500 किलोमीटर है। इससे नौसेना की ताकत में जबरदस्त इजाफा होगा। आईएनएस अरिघात को एक बार में 12 के-15, चार के-4 और 30 समुद्र से भी लंबी दूरी पर परमाणु हमला करने में सक्षम हो गया है। नौसेना द्वारा के-4 बैलिस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण से अब चीन का अधिकर इलाका भारत के परमाणु हथियारों की जद में आ गया है। नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में इस मिसाइल का परीक्षण किया। भारत की पहली परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत, के-15 मिसाइलों से लैस है, लेकिन इनकी रेंज सिर्फ 750 किलोमीटर ही है। अब आईएनएस अरिघात से के-4 मिसाइल का सफल परीक्षण होने से भारत की चीन के खिलाफ ताकत बढ़ गई है।

## ममता ने वक्फ विधेयक को बताया धर्मनिरपेक्ष विरोधी, मुसलमानों के अधिकारों को छीनने का लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, इस संशोधन विधेयक को लेकर पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा,इस विधेयक को लेकर हमारे साथ कोई चर्चा नहीं की गई। यह समिति की बुधवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से ये फैसला लिया गया। समिति को इस सप्ताह के अंत तक रिपोर्ट देनी थी। मामले



विधेयक को लेकर हमारे साथ कोई चर्चा नहीं की गई। यह वक्फ की संपत्ति को नष्ट कर देगा। विधानसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे संघीय और धर्मनिरपेक्ष विरोधी बताया। बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयक एक विशेष वर्ग के लिए है। उनका कहना है कि वक्फ विधेयक के जरिए मुसलमानों के अधिकारों को छीना जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने वक्फ विधेयक पर उनसे बातचीत नहीं की। वक्फ की संपत्ति को नष्ट कर देगा। वै ऐसा विधेयक क्यों लेकर आए, जो एक धर्म के खिलाफ है। यह एक संघीय विरोधी विधेयक है।ठ बांग्लादेश मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने कहा, ठहम नहीं चाहते कि किसी भी धर्म को चोट पहुंचे। मैंने इस्कॉन से बात की। यह एक दूसरे देश का मामला है और केंद्र सरकार को इसके खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए। हम इस मुद्दे में केंद्र सरकार के साथ हवक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित समिति का कार्यकाल बजट सत्र 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाया गया। लोकसभा ने इस प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है। बता दें कि में समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का कहना है कि समिति के सभी सदस्य इस बात पर सहमत हैं कि जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए।लोकसभा में आठ अगस्त को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' पेश किया था। इसके साथ ही इससे जुड़े निष्क्रिय हो चुके पुराने अधिनियम को कागजों से हटाने के लिए 'मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024' को भी पेश किया गया था। नए विधेयक का नाम एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम होगा।

## बेटे श्रीकांत बोले- पिता ने गठबंधन धर्म के लिए निजी महत्वाकांक्षा छोड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रीकांत शिंदे ने कहा कि उनके पिता ने एक आम आदमी की तरह काम किया और मुख्यमंत्री आवास 'वर्षा बंगले' के दरवाजे लोगों के लिए खोल दिए। शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा है कि वह अपने पिता एकनाथ शिंदे पर गर्व करते हैं, क्योंकि उन्होंने गठबंधन धर्म के लिए अपनी निजी महत्वाकांक्षा को किनारे कर दिया। एक्स पर एक पोस्ट पर श्रीकांत ने कहा कि उनके पिता का महाराष्ट्र के लोगों के साथ अटूट बंधन है। उन्होंने दिन-रात समाज के हर वर्ग के लिए मेहनत की। श्रीकांत का यह बयान ऐसे समय में आया है कि जब बुधवार को ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने सीएम पद को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम दे दिया।



उन्होंने कहा कि मेरे मन में सीएम बनने की लालसा नहीं है। पीएम मोदी और अमित शाह जो भी निर्णय लेंगे मुझे मंजूर होगा। सरकार बनाते समय मेरी तरफ से कोई अड़चन नहीं आएगी। मैं चट्टान की तरह साथ खड़ा हूं। भाजपा की बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा, हमें मान्य होगा। भाजपा का सीएम मुझे मंजूर है।इसी को लेकर श्रीकांत शिंदे ने कहा, ठमैं अपने पिता और शिवसेना के मुखिया पर गर्व करता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर भरोसा रखा है और गठबंधन धर्म का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने इसके लिए अपनी निजी महत्वाकांक्षा को किनारे कर दिया।उन्होंने कहा कि उनके पिता ने एक आम आदमी की तरह काम किया और मुख्यमंत्री आवास 'वर्षा बंगले' के दरवाजे लोगों के लिए खोल दिए।

## बजट सत्र तक बढ़ाया गया वक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित समिति का कार्यकाल, संसद में प्रस्ताव पास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित समिति का कार्यकाल बजट सत्र 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाया गया। लोकसभा ने इस प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है। बता दें कि समिति की बुधवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से ये फैसला लिया गया। समिति को इस सप्ताह के अंत तक रिपोर्ट देनी थी। मामले में समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का कहना है कि समिति के सभी सदस्य इस बात पर सहमत हैं कि जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा था कि समिति की रिपोर्ट लगभग तैयार है



और इसे समय से सदन को भेजा जाएगा। हालांकि विपक्ष को इस पर आपत्ति थी। विपक्ष समिति का कार्यकाल बढ़वाना चाहता था। इस संबंध में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की थी। बुधवार को समिति की बैठक में विपक्षी सदस्यों ने समिति का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्य बैठक को बीच में ही छोड़कर बाहर चले गए। तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि समिति का ज्यादातर समय सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों से ही चर्चा में लगाया गया और जिन राज्यों में सबसे ज्यादा वक्फ संपत्ति है, उन्हें नहीं बुलाया गया। इसके बाद संयुक्त संसदीय समिति की बुधवार को पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी में बैठक हुई। बैठक के बाद बाहर आए सांसदों ने इस बात की पुष्टि की कि समिति का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर सहमति बन गई है।

## GEM OF आधुनिक भारत दिनांक ०१/१२/२०२४ को होगा आयोजित



**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र एवं The Journalist welfare association के सहयोग से दिनांक 01/12/24 को आधुनिक भारत का रत्न सम्मान समारोह (Geme of आधुनिक भारत )का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम का संचालन शालिनी दीक्षित द्वार श्रीमती श्वेता साहू के दिशा निर्देश में किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी एडवोकेट अनुराधा सुन्दरम जी अतिरिक्त मुख्य स्थायी परामर्शदाता उत्तर प्रदेश सरकार के हाथो सम्मान दिया जाएगा सम्मान विविध विधाओं जैसे शिक्षण, सामाजिक कार्य, नृत्य, संगीत मॉडलिंग से जुड़े लोगो को सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के सम्मेलन हाल में आयोजित किया जाएगा।**








# डीएम ने एनकार्ड की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट सभागार में व दवाओं आदि की रोकथाम के लिए सभी स्टाकहोल्डर्स से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें।



जनपद में नशीले एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी द्वारा कार्यों में रुचि न लिए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की। जिलाधिकारी ने जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण ,संचय आदि के रोकथाम के लिए पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अवैध नशीले पदार्थ निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानो के आसपास यह सुनिश्चित कराया जाए कि किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ की बिक्री ना हो रही हो। पान की दुकानों व मेडिकल स्टोरो की भी समय-समय पर जांच की जाए। ड्रग विभाग यह सुनिश्चित कराये कि किसी भी मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सक के सलाह पर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री ना हो। मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया जाए। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि इसके लिए समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान के दौरान नशीली दवा व मादक पदार्थों आदि के संबंध में जागरूक किया जाए।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा,अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ,जिला आबकारी अधिकारी रवींद्र प्रताप सिंह,जिला विद्यालय निरीक्षक,आबकारी निरीक्षकगण,स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# झाड़-फूंक का विरोध करने पर हमला, सुरक्षा की गुहार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** झूसी स्थित शेख तकी बाबा दरगाह और कनाती मस्जिद के मुत्तवाली व दरगाह प्रबंधक सैयद






मसरूर हसन शाह ने प्रेसवार्ता के दौरान आरोप लगाया कि मस्जिद के इमाम और उसके समर्थकों ने उन पर जानलेवा हमला किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इमाम जादू-टोने में लिप्त हैं और स्थानीय दबंगों व भू-माफियाओं का संरक्षण प्राप्त कर मस्जिद पर अवैध कब्जा बनाए हुए हैं। सैयद मसरूर हसन शाह ने बताया कि उनके बड़े भाई, सय्यद मंसूर हसन शाह, दरगाह के सज्जादानशीन और वक्फ संख्या 189 के अध्यक्ष हैं। दरगाह और मस्जिद के प्रबंधन का जिम्मा ज्यादातर उनके ऊपर रहता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 में उनके बड़े भाई ने बिहार के रहने वाले कलामुद्दीन को मस्जिद का इमाम नियुक्त किया था। हालांकि, कुछ समय बाद स्थानीय महिलाओं ने शिकायत की कि इमाम जादू-टोने जैसे कार्यों में लिप्त हैं। इन शिकायतों के आधार पर वर्ष 2016 में उन्हें इमाम के पद से हटा दिया गया। लेकिन इमाम ने स्थानीय दबंगों और माफियाओं के संरक्षण में मस्जिद पर अवैध कब्जा कर लिया और जो भी नया इमाम नियुक्त होता है, उसे मारपीट कर भगा देता है। सैयद मसरूर हसन शाह ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को उन्हें सूचना मिली कि इमाम कलामुद्दीन मस्जिद में सिफली अमल कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि बकरे की बलि दी जा रही है और लाल कपड़े में लिपटी हांडी जमीन में दफनाई जा रही है। जब उन्होंने इसका विरोध किया और वीडियो बनाना चाहा, तो इमाम और उसके समर्थकों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी-डंडों से उनकी पिटाई की गई और उनकी जान लेने की कोशिश की गई। हमलावरों ने हवा में फायरिंग भी की, जिससे उनके परिवार में भय व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर न्याय दिलाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। प्रेसवार्ता के दौरान पीड़ित ने मीडिया को घटना के सभी तथ्यों से अवगत कराया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# माफिया के साथियों से सुरक्षा की गुहार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।**भाजपा के सक्रिय




कार्यकर्ता ज़ियाउल हक़ ने मारपीट का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए दो लोगो पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजापा कार्यकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी दबंग है रंगदारी मामले में जेल जा चुके है।पीड़ित ने बताया कि इस घटना को लेकर कई बार थाना शाहगंज में शिकायत दर्ज कराई गई, जांच के लिए एक सब इंस्पेक्टर आए थे थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि जल्दी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अनुरोध किया है कि ऐसे अपराधी किस्म के लोगों को फौरन कार्रवाई करते हुए जेल में डाला जाए और उनके ऊपर गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्तियों को जप्त किया जाए।ताकि उसे न्याय मिल सके और उसकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपी के पिता माफिया के लिए काम किया करते थे और आरोपी भी लगातार इसी बात को लेकर धमकी देते हैं कि माफिया को बनाने में उनके पिता का महत्वपूर्ण योगदान था। बहरहाल दबंगों से सुरक्षा की गुहार की है।


NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है।

रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है





नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480



प्रदेश आस/पास



भारत

# वाराणसी, रायबरेली






## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग/व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग/व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत एवं नालियों की साफ-सफाई, झाड़ियां की सफाई, विद्युत कार्य को दुरुस्त आदि कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में साफ सफ़ाई, विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्याओं एवं औद्योगिक क्षेत्र के ड्रेनेज सिस्टम आदि जैसी समस्याओं के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्यवाही करें। इसी दौरान जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय व्यापार बंधुओ की बैठक की गई। बैठक में व्यापारी बंधुओ ने पानी, सड़क, सुरक्षा, बिजली, साफ सफाई और सुरक्षा की समस्या उठाई। बैठक में ज्यादातर समस्याएं नगर पालिका से संबंधित थी। जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने नगर पालिका को निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का ससमय निस्तारण किया जाए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व उद्यमी व व्यापार बंधु के लोग उपस्थित रहे।



## मजिस्ट्रीरियल जांच सम्बन्धी साक्ष्य/बयान 02 से 16 दिसम्बर तक दें: एसडीएम लालगंज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज द्वारा जनपद रायबरेली के स्थान-गोविंदपुर वलौली लालगंज में 19 जुलाई 2024 के समय 21:25 बजे दुर्घटनाकारी निगम बस लखनऊ क्षेत्र, रायबरेली डिपो की निगम बस वाहन संख्या यूपी 33 एटी 0799 दोषी मोटरसाइकिल सवार अचानक बस के सामने आ गया जिससे चालक अपना संतुलन खो बैठा और दुर्घटना घटित हो गयी, जिससे भीम पुत्र हीरालाल गोविंदपुर वलौली लालगंज रायबरेली की मृत्यु हो गयी। जिसकी थाना जीडी क्रमांक 338/2024 थाना लालगंज जिला रायबरेली में 20 जुलाई 2024 अंकित है। घटित घटना की मजिस्ट्रीरियल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज द्वारा की जा रही है।मजिस्ट्रीरियल जांच के संबंध में संबंधित जो भी व्यक्ति अपना लिखित/मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कराना चाहता है तो वह 02 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2024 तक के मध्य अवकाश दिनों को छोड़कर उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज के कार्यालय कक्ष में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे के मध्य उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है।

## टेबुल टेनिस बालक/बालिका जूनियर वर्ग व क्रिकेट बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।**जिला क्रीडाधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय रायबरेली के द्वारा 27 से 29 नवम्बर 2024 तक टेबल टेनिस बालक/बालक जूनियर वर्ग, क्रिकेट-बालक जूनियर वर्ग, एथलेटिक्स बालक/बालिका जूनियर वर्ग जिला स्तरीय प्रजियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अनुसार आज टेबुल टेनिस बालक/बालिका जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 40 बालक 35 बालिका कुल 75 खिलाडियों प्रतिभाग किया जो कि एकलवर्ग एवं युगलवर्ग मैच खेल गया। जिसके परिणाम इस प्रकार रहा। एकलवर्ग बालक वर्ग प्रथम- दिव्य प्रताप सिंह द्वितीय- दिव्यांश तृतीय- शिखर गुप्ता युगलवर्ग बालक वर्ग प्रथम- देवांश सिंह व दिव्य प्रताप सिंह द्वितीय- उत्कृष्टअवस्थी व श्रेयांश तृतीय- अपूर्व व शिखर एकलवर्ग बालिका वर्ग प्रथम- शादिया फातिमा द्वितीय- स्वांणिमा सिंह तृतीय- जुनेरा एकबाल युगलवर्ग बालिका वर्ग प्रथम- जुनेरा एकबाल व स्वांणिमा सिंह द्वितीय- शादिया फातिमा व साक्षी तृतीय- पलक सोनकर व कोमल यादव निर्णायक- 1-राजेश सिंह 2-अभिषेक द्विवेदी 3-करन वीर सिंह 4-पिन्कू कुमार 5-रीना मिश्रा 6-हिमांशु 7-दिव्यांशु 8-सुनील कुमार इसी प्रकार आज जिला स्तरीय क्रिकेट बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज प्रतियोगिता के पहले दिन में 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पहले दिन में पहला मैच नादीम सिददीकी क्रिकेट एकेडमी रायबरेली बनाम चन्द्रा क्रिकेट एकेडमी रायबरेली के मध्य खेला गया जिसमें कि नादीम सिददीकी क्रिकेट एकेडमी रायबरेली 64 रन से विजयी रही। दूसरा मैच ड्रीम चेजर्स रायबरेली बनाम श्री शारदा स्पोर्टस क्लब रायबरेली बी टीम के मध्य खेला गया जिसमें कि श्री शारदा स्पोर्टस क्लब रायबरेली 56 रन से विजयी रही। तीसरा मैच यूथ क्रिकेट एकेडमी रायबरेली बनाम श्री शारदा स्पोर्टस क्लब रायबरेली ए टीम के मध्य खेला गया जिसमें कि श्री शारदा स्पोर्टस क्लब रायबरेली ए टीम 133 रन से विजयी रही। चौथा मैच मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली बनाम यूथ क्रिकेट एकेडमी बी रायबरेली के मध्य खेला गया जो कि यूथ क्रिकेट एकेडमी बी रायबरेली 17 रन से विजयी रही। प्रतियोगिता के दौरान अत्याधिक गणमान्य लोग उपस्थित होकर मैच का आनन्द लिया। खेल भावना की सरहाना की। प्रतियोगिता के मैच का उदघाटन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रायबरेली पन्नालाल के द्वारा किया गया। टेबुल टेनिस रायबरेली के द्वारा किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिता का सम्पूर्ण संचालन धीरेन्द्र कुमार पुरूषोत्तक कीडाधिकारी, जिला खेल कार्यालय, रायबरेली के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा खिलाडियों को खेल के प्रति उत्साह बढाया एवं बढ़िया खेल प्रर्दशन करने हेतु प्रेरित किया। इस भव्य प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु पिन्कू कुमार, बाबूलाल, मन्जू, नरेश कुमार निषाद, अश्वनी चन्द्रा, शोएब खान कोच द्वारा सहयोग प्रदान किया गया साथ विभाग की ओर से दिये गये दिशा-निर्देशो तथा उच्चाधिकारियों के अनुपालन में प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। प्रतियोगिता के अवसर पर वरिष्ठ खिलाडीगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता और अन्त में कीडाधिकारी रायबरेली ने प्रतियोगिता में आये हुऐ समस्त खिलाडियों एवं आगन्तुको दर्शकों का आभार प्रकट किया गया।



## श्रीभान थानाध्यस महोदय भाना डीह जनपद साबिरली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** निवेदन है कि प्राथी प्रमोद कुमार (सोनू) पुत्र हरिप्रसाद सोनी निवाणि रसग देकारी दादू थाना डीह जनपद रायबरलो का मूल निवाकी है। दिनांक 26-11-2024 को समय लगभग 7 वजे प्रतिवसीग ?रिकू त्रिवेदी पुत्र सुरेश निवेदी रानू बितेछी पुत तारा शकर दिलीप निवेदीयुत तारा शंकर 4- शिना निवेदी सुन चंद्रिका प्रलाद दिवेवी किवारी सांग उपरोक्त ने मेरे भाई भोलू को घर के पास राहते में रोका और गन्दी गाली देते हुए आरने लगे तो राज सोनी छुडाने पहुंचे तो प्रतिपक्षी गणने नाही उडा व कुवहाणी से भारा पीय जिसमे भुजे क राजसोनी को चोटे आयी तथा जान से मारने की धमकी दी।



## वाराणसी से शक्तिनगर मार्ग अज्ञात ट्रक के चपेट में आने बाइक चालक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दो सगे भाइयों में एक की मौत, एक गंभी हिंदुआरी चौकी के अंतर्गत तिनताली के पास बाइक सवार दो सगे भाइयों की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गयी। जिसमें एक की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार दो सगे भाइयों की अज्ञात वाहन से टक्कर । आज दोपहर 2 बजे की बताई जा रही हैं घटना । तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाईक को मारी टक्कर । टक्कर में एक भाई अजय 28 वर्ष पुत्र नंदलाल निवासी तकिया की मौत । दूसरा भाई विजय 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर रेफर ।









## तृतीय लंगि के कल्याण, सशक्तिकरण, शिक्षा एवं व्यवसाय विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** मा0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व राजकुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन व अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य की उपस्थिति में समाज की मुख्य धारा से कटे हुए तृतीय लिंग समूह को विधिक व सामाजिक रुप से जागरुक किये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व टी0सी0आई0 फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में एकता सदन गुलाब रोड रायबरेली में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। अनुपम शौर्य अपर जिला जज सचिव/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में उपस्थित समूह के लोगों को उनके विधिक अधिकार विषय पर जानकारी प्रदान की गयी व उनसे उनकी समस्याओं के सम्बन्ध मे पूछा गया। सचिव द्वारा उपस्थित लोगों को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करते हुए बताया गया कि समूह को भी बिना किसी भेदभाव के गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। उनको भी अवसर की समता प्रदान करते हुए समाज में सम्मानपूर्वक स्थान प्राप्त करने का अधिकार है। बताया गया कि किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। उक्त अवसर पर व्यवसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में बताया गया कि जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष के मध्य है वह स्वरोजगार हेतु अपना आवेदन निःशुल्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त व्यवसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया गया। अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा व्यवसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में बताया गया कि आप सभी एन0आई0ओ0एस0 के द्वारा पत्राचार के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर टी0सी0आई0 फाउडेशन की जिला को-आर्डिनेटर तमन्ना आफरीन, काउंन्सलर गीता श्रीवास्तव, ओ0आर0डब्ल्यू नेहा, अरविंद तथा पराविधिक स्वयं सेवक पवन श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति व उच्च जोखिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।





# जनपद सोनभद्र की समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शासन की मंशा के



अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-05 अभियान'' चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज दिनांक 28.11.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट/गांव/मंदिरो/पॉर्को/स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा ङ्घमिशन शक्ति फेज-05ङ्घ के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया ।

# सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने मारा धक्का मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सुकृत चौकी क्षेत्र के लोहार गांव के समिप सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हुई मौत।सुकृत चौकी इंचार्ज बृजेश पांडेय ने बताया कि लोहरा गांव के समीप बुधवार दोपहर बाद अमरावती 65 वर्षिय पत्नी शुदमा कोल निवासी तकिया सुकृत की महिला दिमाग से विक्षिप्त थी इसी दौरान सड़क पार कर रही थी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया उधर पुलिस ने शव को पीएम कराते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

# घरसड़ी गांव में सड़क नाली निर्माण कराने की मांग सौपा पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र,शक्तिनगर ।** खंड विकास म्योंरपुर ग्राम पंचायत घरसड़ी गांव में सड़क नाली की मांग कों लेकर ग्राम प्रधान पुष्पा नें गुरुवार कों



उपजिलाधिकारी दुद्धि निखिल यादव कों पत्र सौंप कारवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान पुष्पा नें आरोप लगाते हुए कहा कि घरसड़ी गांव में लगभग 2000 मतदाता निवासरत हैं।कई वर्षो के बीतने के बावजूद एनसीएल कृष्णशिला प्रबंधन द्वारा सीएसआर से कोई भी कार्य नहीं करवाया जा रहा है। कई बार एनसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद आज तक कोई पहल नहीं किया गया। आरोप लगाया कि सड़क नाली की स्थिति जर्जर होने के कारण घरों से निकलने वाले गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहे हैं जिससे अनेकों बीमारी से लोग ग्रसित हो रहे हैं। प्रबंधन द्वारा झूठा आश्वासन देकर पल्ला झाड़ा जा रहा है। इस विषय कृष्णशिला परियोजना के सीएसआर अधिकारी ओमवीर सिंह ने बताया कि घरसड़ी गांव का प्रस्ताव उच्चधिकारियों को भेजा गया है लेकिन अभी तक स्वीकृति प्रदान नहीं हुआ है।प्रयास की जा रही है।

# सरिता हत्याकांडः दोषी पति को 7 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** 14 वर्ष पूर्व दहेज प्रताड़ना के चलते हुई सरिता हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/ सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना



रानी की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति मुकुन्दलाल उर्फ बबुन्दर को 7 वर्ष की कैद व तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। दोषी पति को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।अभियोजन पक्ष के मुताबिक मृतका का भाई अमरेश सिंह निवासी ग्राम देवरी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने घोरावल थाने में 15 नवंबर 2010 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसने अपनी बहन सरिता की शादी करीब 6 वर्ष पूर्व मुकुन्दलाल उर्फ बबुन्दर पुत्र सुदामा निवासी ग्राम बेलखुरी, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया था। शादी में अपने सामर्थ्य के अनुसार उपहार स्वरूप सामान दिया था। बावजूद इसके दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन सरिता को मुकुन्दलाल उर्फ बबुन्दर शुरू से ही मारपीट कर प्रताड़ित करता था। जब भी सरिता मायके आती थी तो सारी बात सबको बताती थी। कई बार रिश्तेदारों के सामने पंचायत भी हुई, जिसमें कहा जाता था कि अब प्रताड़ित नहीं करेंगे।। लेकिन पुनः वहीं रवैया अपनाया जाता रहा। 5 नवंबर 2010 को दीपावली के दिन सूचना पर अन्य लोगों के साथ अस्पताल पहुंचा तो बहन सरिता मृत हाल में पड़ी थी। उसे पूर्ण विश्वास है कि दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो मुकुन्दलाल उर्फ बबुन्दर ने उसकी बहन सरिता को मार डाला है। रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मुकुन्दलाल उर्फ बबुन्दर को 7 वर्ष की कैद व तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। इस संदर्भ में सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी का कहना है कि बिसरा रिपोर्ट में सरिता की मौत विष के सेवन से हुई बताया गया है। अभियुक्त मुकुन्दलाल उर्फ बबुन्दर को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# जी एल बजाज के फ्रेशर पार्टी में श्रेया घोषाल ने समां बांधा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज के 20 वर्षों के शानदार सफर का समापन समाहरोह और परफॉर्मेंस दी, जो दर्शकों के दिलों को छू गई। वहीं, गायक किंजल चैटर्जी ने बीट बॉक्स और म्यूजिक मिक्सप्स से सांस्कृतिक माहौल सम्मान करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम संस्थान की उपलब्धियों को मनाने और छात्रों में भाईचारे व सहयोग की भावना को बढ़ावा देने




फ्रेशर पार्टी -2024 का जश्न सांस्कृतिक और मनोरंजन की दृष्टि से अविस्मरणीय रहा। प्रसिद्ध पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से न केवल छात्रों और स्टाफ को मंत्रमुग्ध किया बल्कि उन्हें झूमने पर भी मजबूर कर दिया। श्रेया घोषाल ने अपने प्रसिद्ध गानों जैसे ठ सुन रहा है ना तू,ठ जादू है नशा है,ठ ठतुझमें रब दिखता हैठ, ठबे पनाह प्यार है आजाठ बे रंग के दिन पर लाइव को और जीवंत कर दिया। आरजे रोकी ने अपनी मिमिक्री और चुटीले डायलॉग्स से समां बांध दिया और सभी को हंसाते हुए कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बना दिया। इसके अलावा, कॉलेज के कल्चरल क्लब के सदस्यों ने विभिन्न भारतीय राज्यों के सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुति देकर उत्सव में विविधता और समृद्धि जोड़ी। समारोह में संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सभी कलाकारों का का माध्यम हैं। यह आयोजन न केवल जीएल बजाज कॉलेज की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है, बल्कि छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित भी करता है। यह आयोजन कॉलेज की उपलब्धियों और छात्रों की ऊर्जा का प्रतीक बनकर लंबे समय तक याद रखा जाएगा। दौरान मैनेजिंग ट्रस्टी अंशु अग्रवाल और सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल ने उपस्थित रहकर छात्रों को बधाई दी।

# धूमधाम से निकली 55 दूल्हों की बारात, दुल्हनों ने डाली वरमाला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** के पी ग्राउंड प्रयागराज में साहू एकता मंच द्वारा आयोजित चौदहवें निःशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 55 जोड़ों का विवाह बैंड बाजे के साथ होने के बाद समिति द्वारा प्रत्येक वर वधुओं को गृहस्थी के सभी सामान उपहार स्वरूप प्रदान कर विदा किया गया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद साहू ने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए नागपुर( महाराष्ट्र),आरती कुमारी आराकला प्रयागराज, आकाश साहू बमरौली प्रयागराज, नैना साहू नया पुरा प्रयागराज, अंकित कुमार साहू सोरांव, मनीषा फूलपुर, दीपू गुप्ता करेहदा, कोमल गुप्ता मकदूमपुर,



धूमधाम से संपन्न हुआ। साहू एकता मंच द्वारा आयोजित 14 वें निशुल्क सर्व जातिय सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए गिरिजाघर सिविल लाइंस प्रयागराज से 55 दूल्हों की बारात एक साथ घोड़ी पर सवार होकर बैंड बाजे के साथ विवाह स्थल पर पहुंची। जहां सुधा गुप्ता, शोभा गुप्ता एवं डॉ नीता साहू ने सभी वर को अक्षत तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रत्येक वर वधू को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद साहू व परिजनों ने आशीर्वाद दिया। मंच की ओर से प्रत्येक जोड़ों को पौधारोपण हेतु पौधा प्रदान किया गया। वर वधुवों ने एक दूसरे को जयमाल पहनाकर आजीवन सुखमय जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। जय माल के पश्चात प्रत्येक जोड़ों के लिए बनाए गए विवाह मंडप में वैदिक रीति रिवाज के साथ पुरोहितों द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। विवाह संपन्न अतिथियों एवं आगंतुकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने समारोह में सहयोग करने वाले दानदाताओं को भी धन्यवाद दिया। समाज के आर्थिक सहयोग से ही कन्याओं का उद्धार होता है। साहू व सर्व समाज को दहेज रूपी दानव से बचाने के साथ सामाजिक उत्थान के लिए विवाह का आयोजन विगत तेरह वर्षो से लगातार किया जा रहा है। सर्व समाज के चौदहवां निः शुल्क सामूहिक विवाह समारोह में अनुरुद्ध प्रताप गुप्ता कुबरी शंकरगढ़, प्रीति साहू डीह पड़री रीवा मप्र, सुमित साहू अहमदपुर रूबी साहू कौशांबी, जगदीश साहू कौशांबी संजना साहू मूरतगंज कौशांबी, अनिल गुप्ता लंगड़ीपुर कनिहार, कंचन गुप्ता हंडिया, प्रभाकर साहू मऊआइमा, शिल्पी गुप्ता तेजपुर मऊआइमा, आकाश जायसवाल कानपुर, राधिका कुशवाहा भूसौली,अनिल कुमार रामरक्षा मेजा रोड, शीला गुप्ता मेजा, अवतार विश्वकर्मा करेली, भारती शर्मा नगला राजस्थान आदि सहित 55 जोड़ों की शादी हुई। समारोह का संचालन उपाध्यक्ष अजय साहू व मानिकचंद्र साहू ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद साहू, महासचिव शंकर लाल साहू,संरक्षक सेवानिवृत ए डी एम राम लखन गुप्ता, डॉ वी एन गुप्ता, पोलर मैन मंगलम गुप्ता,सुधा साहू, डॉ नीता साहू , डा. सुमन साहू, रामलोचन साहू, वैज्ञानिक सुनील साहू भाभा अनुसंधान केंद्र मुंबई ,डॉ मुरली धर गुप्ता,मंत्रीगण मदन लाल साहू, गिरिजा शंकर गुप्ता, ओम बाबू साहू, कमलेश साहू, बबली साहू, रानी साहू, नरेंद्र कुमार साहू, अजय कुमार साहू, मक्खन लाल साहू, मंच के मीडिया प्रभारी छेदी लाल साहू, प्रेम चंद्र साहू अन्ना , राकेश कुमार साहू आदि प्रमुख लोग रहे ।

# सीएम योगी ने किया नागवासुकि का दर्शन, गंगा पुत्र भीष्म की उतारी आरती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज दौरे पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही में दर्शन और पूजन किया। यहां सीएम योगी ने नागवासुकि की प्रतिमा को माला पहनाकर उनका



मुख्यमंत्री योगी ने नागवासुकि मंदिर में किए दर्शन और पूजन प्रयागराज। 27 नवम्बर : महाकुम्भ की तैयारियों को परखने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष ध्यान प्राचीन मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर रहा। प्रयागराज में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी नागवासुकि मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने नागवासुकि मंदिर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सीएम योगी ने गंगा पुत्र भीष्म का भी दर्शन किया। साथ ही पुष्प अर्पित कर आरती भी उतारी। उनके साथ उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं मंदिर के पुजारी भी मौजूद थे।

# डीआईजी ने परिक्षेत्र के जनपदों के अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा दिए गये आवश्यक दिशा निर्देश'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर ''आर0पी0 सिंह'' द्वारा परिक्षेत्र के जनपदों की अपराध एवं कानून



व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी,शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण,भूमि संबंधी विवादों का समाधान थाना दिवस पर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारित कराने,रात्रि में चैराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने,पिछले 10 वर्षों में चोरी,लूट व अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने,अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा जनपद के टॉप-10, अपराधियों के विरुद्ध गुंडा,गैंगस्टर,14(1) के अंतर्गत जब्तीकरण कराते हुए ऐसे अपराधियों का जमानत निरस्तीकरण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कठोरतम कार्यवाही के भी निर्देश दिये गये तथा गोवध अधि0, पशु क्रुरता अधि0,आबकरी अधि0,चिन्हित माफिया ,सम्पत्ति सम्बन्धी अपराध में विवेचना समय से पूर्ण करके निरोधत्मक कार्यवाही की जाय। इसके अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि पास्को एक्ट में 02 माह के अन्दर प्रत्येक दशा में निस्तारण कर अभियुक्तो को मा0 न्यायालय में सशक्त पैरवी करते हुए शीघ्र ही सजा दिलाया जाय। मादक पदार्थ के अभियुक्तों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कराते हुए अधिक से अधिक बरामदगी कराने के निर्देश दिये गये। इस दौरान निर्देशित किया गया कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए महिलाओं एंव बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराधो पर प्रभावी रोक-थाम हेतु महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-2 बीट क्षेत्र मे जाकर जनचैपाल लगाकर महिलाओं एवं बच्चियों को जागरुक करें। सोशल मीडिया टीम द्वारा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक/भ्रामक पोस्टों के प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित करते हुए तत्काल प्रभाव से उसका खंडन किया जाए। सम्भ्रांत व्यक्तियों के बीच में आपसी सौहार्द बनाये रखने के सम्बन्ध में बैठक करके समन्वय स्थापित करें। आमजनमानस के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न किया जाय सहित अन्य महत्वपुर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# भूमाफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को ग्राम बसुहारी कोन के ग्रामीणों ने भू माफिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए



जिलाधिकारी नामित ज्ञापन संबंधित को देखकर बुलंद की आवाज वहीं ग्रामीणों ने बताया कि हम प्रार्थी ग्राम बसुहारी कोन कोन, तहसील ओबरा, जनपद सोनभद्र के निवासी हैं। हम प्रार्थी आदिवासी जनजाति समाज के किसान मजदूर हैं। बीत 18/ को कुछ भूमाफिया जो कि मिर्जापुर के रहने वाले हैं, के द्वारा हम लोगों को बैंक में खाता खुलवाने के नाम पर अपने साथ लाये कई गाड़ियों में बिठा लिया और हम लोगों को रावटसगंज एक मकान में ले जाकर ताला बंद करके कैद कर दिया। वहां हम लोगों को राइफल दिखाकर डरा धमका कर दस्तावेज पर अंगूठा हस्ताक्षर लगवा लिया गया और दारू पिलाकर दिनांक 19 को जबरन जमीन रजिस्टरी करा लिया गया, जिसकी जानकारी हम लोगों को नहीं थी, जब हम लोगों को जानकारी हुई तब हम सभी आपके पास न्याय के लिए बैनामा निरस्त कराने के लिए खारिज दाखिल रुकवाने के लिए और अपने जान माल की सुरक्षा के लिए आपसे गुहार लगाने आए हैं। इस धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा में मुंशी सिंह नाम का व्यक्ति जो कि मिर्जापुर का रहने वाला है, उसने अपने किसी व्यक्ति के नाम पर जमीन लिखवा कर कंपनी को छ गुने रेट पर बेचने के लिए यह साजिश की है, अगर ऐसा हुआ तो हम ग्रामीण पूरी तरह भूमिहीन व बेसहारा हो जाएंगे।

# सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान को ग्राम स्वराज्य समिति ने दिया समर्थन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर पालिका सभा कच्छ में एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि ग्राम स्वराज्य समिति बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे 250 से भी समिति बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी सदस्य है। इस मौके पर कलेक्ट्रेटसभागार में




ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन है भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के उद्घाटन के मौके पर जिला प्रशासन ने सोनभद्र में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैरसरकारी संगठन ग्राम स्वराज्य समिति के साथ मिलकर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। ग्राम स्वराज्य हुए समारोह में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रे,सीडीओ तथा डीपीओ ने महिलाओं, आंगनवाड़ी, पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। जिले में जगह-जगह हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) के अलावा बाल विवाह पीड़िताओं ने भी भागीदारी की और बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली।

# स्पोर्ट्स





साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को रौंदकर की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी, भारत को इतने अंतर से पछाड़ा

## हाइब्रिड मॉडल के पक्ष में नहीं पीसीबी, नकवी बोले- भारत की चिंताएं दूर करने के लिए तैयार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नकवी ने इस दौरान इस खबर की पुष्टि की है कि पाकिस्तान ने आईसीसी को पत्र लिखकर कहा है कि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने बोर्ड (बीसीसीआई) से पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने को लेकर स्पष्टीकरण मांगे। पीसीबी अध्यक्ष ने कहा कि वह आईसीसी से जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं और इसके बाद ही अगले कदम पर विचार करेंगे। उन्होंने साथ ही इस बात ही चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम की घोषणा करेगा जिससे पाकिस्तान तैयारियां कर सके। उन्होंने कहा, खेल और राजनीति दो अलग चीजें हैं। मैं नहीं चाहता देश इसे एक साथ देखें। हम अच्छे की उम्मीद कर रहे हैं। आईसीसी को



को लेकर स्पष्टीकरण मांगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एक बार फिर इस बात को दोहराया है कि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी कराने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने साथ ही भारत की चिंताएं दूर करने का प्रस्ताव देते हुए कहा है कि भारत को इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने को लेकर अपनी परेशानी बतानी चाहिए। नकवी ने सोमवार को स्थानीय मीडिया से बातचीत की। वह लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण के कार्य का जायजा लेने पहुंचे थे। नकवी ने इस दौरान इस खबर की पुष्टि की है कि पाकिस्तान ने आईसीसी को पत्र लिखकर कहा है कि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल पर जोर दिया कि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के पक्ष में नहीं है। मालूम हो कि हाल ही में बीसीसीआई ने आईसीसी को पत्र लिखकर इस बात की सूचना दी थी कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी।नकवी ने कहा, अन्य जिन टीमों ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई किया है, वो पाकिस्तान आने के लिए तैयार हैं। किसी को चिंता नहीं है। अगर भारत को किसी तरह की परेशानी है तो हम बात करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी चिंताएं दूर हों। मुझे नहीं लगता है कि ऐसा कोई कारण है जिसकी वजह से भारत पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सके। उम्मीद है कि इसके लिए सभी टीमें आएंगी। नकवी ने साथ ही इस बात की उम्मीद जताई कि आईसीसी जल्द कार्यक्रम की घोषणा करनी है और मुझे उम्मीद है कि वे ऐसा जल्द करेंगे जिससे हम तैयारियों को अंतिम रूप दे सकें। हमारे जो भी सवाल थे, उसे हमने लिखित में पूछे हैं और हम उनके जवाब का इंतजार कर रहे हैं।इस बारे में पूछे जाने पर कि अगर पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल के तहते करानी पड़ी तो क्या पीसीबी टूर्नामेंट की मेजबानी से पीछे हटने पर विचार करेगा? नकवी ने इस बारे में कोई सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन उम्मीद जताई कि पूरा टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। नकवी ने कहा, पाकिस्तान का सम्मान सबसे पहले है, आगे आप देखेंगे कि क्या होता है। हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है, हमने पहले भी इस बारे में चीजें स्पष्ट की हैं।

## टेस्ट सीरीज से पहले विराट कोहली ने कही मन की बात, ऑस्ट्रेलिया में अपने पसंदीदा शतक का किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोहली का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड बेहतर है और उन्होंने 13 मैचों में 54.08 के औसत से लगाए थे। कोहली ने 2014 में अपनी कप्तानी के दौरान एडिलेड में लगाए दो शतक को हमेशा विशेष बताया है, हालांकि उन्होंने 2018 में पर्थ में रिकॉर्ड बेहतर है और उन्होंने 13 मैचों में 54.08 के औसत से 1352 रन बनाए हैं। कोहली ने इस दौरान छह शतक और चार अर्धशतक




1352 रन बनाए हैं। कोहली ने इस दौरान छह शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। इतना ही नहीं वह 2011-12 और 2014-15 दौरे पर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले अपने दिल की बात कही और इस बात का खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया में उनका पसंदीदा शतक कौन सा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कोहली इस बारे में बात करते दिख रहे हैं। मालूम हो कि कोहली ने 29 टेस्ट शतक में से छह ऑस्ट्रेलिआ में लगाए हैं, जिसमें से चार तो 2014-15 दौरे के दौरान लगाए गए अपने शतक को पसंदीदा बताया है। कोहली ने 2018-19 दौरे के उस मैच में 257 गेंदों पर 123 रन बनाए थे। यह दोनों टीम द्वारा उस मैच में बनाया गया एकमात्र शतक था। कोहली की यह पारी भारतीय टीम के काम नहीं आ सकी थी क्योंकि भारत ने वो मैच 146 रनों से गंवाया था और ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली थी। कोहली ने कहा कि पर्थ की वो पिच सबसे कठिन थी। कोहली ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में मेरी सबसे अच्छी पारी 2018-19 सीरीज में पर्थ में खेले गई पारी है। मेरा मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में वो सबसे कठिन पिच थी जहां मैंने खेला है। उस पिच पर शतक लगाना सुखद था। कोहली का ऑस्ट्रेलिया में लगाए हैं। इतना ही नहीं वह 2011-12 और 2014-15 दौरे पर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक सीरीज में कोहली का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2014-15 दौरा रहा था जब उन्होंने चार मैचों में 86.50 के औसत से 692 रन बनाए थे जिसमें चार शतक और एक अर्धशतक शामिल हैं।ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में सर्वाधिक शतकों के मामले में कोहली ने सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली थी और उनकी नजरें 22 नवंबर से होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान सचिन से इस मामले में आगे निकलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी।

## आरसीबी ने ओंकार साल्वी को नियुक्त किया गेंदबाजी कोच, केकेआर के साथ कर चुके हैं काम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**साल्वी ने आठ ट्रॉफी अपने नाम की है और अब उनकी कोशिश आरसीबी को आईपीएल खिताब का सूखा समाप्त कराने की होगी। साल्वी घरेलू क्रिकेट में अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के बाद आरसीबी के साथ जुड़ेंगे।रॉयल की उम्मीद है। इस बीच वह सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में भी मुंबई का मार्गदर्शन करेंगे। वर्ष 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र से हिस्सा ले रहे आरसीबी ने अब तक एक बार भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है।आरसीबी ने ट्वीट किया, मुंबई के मौजूदा मुख्य कोच



चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 से पहले ओंकार साल्वी को टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इससे पहले, साल्वी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच की भूमिका निभा रहे थे जिन्होंने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था। साल्वी के मार्गदर्शन में मुंबई ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी खिताब जीता था। साल्वी ने आठ ट्रॉफी अपने नाम की है और अब उनकी कोशिश आरसीबी को आईपीएल खिताब का सूखा समाप्त कराने की होगी। साल्वी घरेलू क्रिकेट में अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के बाद आरसीबी के साथ जुड़ेंगे। मौजूदा रणजी सत्र 23 जनवरी को फिर बहाल होगा इसके खत्म होने के बाद ओंकार के आरसीबी से जुड़ने ओंकार साल्वी को आरसीबी का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। पिछले आठ महीने में रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी और आईपीएल विजेता टीम का हिस्सा रहे ओंकार भारत के घरेलू सत्र में अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के बाद आईपीएल 2025 के लिए हमारे साथ जुड़कर रोमांचित हैंओंकार पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अविष्कार साल्वी के छोटे भाई हैं जो फिलहाल भारतीय महिला टीम के गेंदबाजी कोच हैं और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की विजेता पंजाब के मुख्य कोच हैं। उन्होंने 2005 में रेलवे के लिए एकमात्र लिस्ट ए मैच खेला है। साल्वी का मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के साथ मार्च 2025 तक करार है। साल्वी को 2023-24 सत्र के पहले मुंबई की घरेलू टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलने के भारत के फैसले पर हैरान माइकल वॉन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वॉन ने कहा, 'मैं हैरान हूं कि यह भारतीय टीम एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलना चाहती। वाका की विच मुख्य पिच के जैसी है जिस पर समान उछाल है।' ऑस्ट्रेलिया ने भी पिछले साल भारत और इंग्लैंड के टेस्ट दौरों पर अभ्यास मैच नहीं खेले थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने के भारत के फैसले से हैरान इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने आशंका जताई है कि मैच अभ्यास के बिना भारतीय टीम 'प्रतिस्पर्धी मानसिकता' के साथ कैसे खेलेगी। भारत ने पर्थ में 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया की घरेलू टीम के खिलाफ कोई मैच नहीं खेलने का फैसला किया है जबकि पिछले दो दौरों पर ऐसा नहीं हुआ था। वॉन ने 'फॉक्स स्पोटर्स' से कहा, 'मुझे समझ में नहीं आ रहा कि भारत जैसी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने





से पहले 'इंट्रा स्क्वाड' (आपस में मुकाबला) मैच ही क्यो खेलना चाहती है।'उन्होंने कहा, 'ऐसे में प्रतिस्पर्धी मानसिकता के साथ कैसे उतरेंगे। यह समय ही बताएगा।' भारत ने अपनी 'ए ' टीम के साथ तीन दिवसीय 'इंट्रा स्क्वाड' मैच भी नहीं खेलने का फैसला किया है। वे पर्थ में वाका की मुख्य पिच पर अभ्यास पर फोकस कर रहे हैं। भारतीय टीम प्रबंधन का मानना है कि वाका की मुख्य पिच पर उछाल पर्थ स्टेडियम की पिच तैसा है और इस पर अभ्यास करने से शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को फायदा होगा। वॉन ने कहा, 'मैं हैरान हूं कि यह भारतीय टीम एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलना चाहती। वाका की विच मुख्य पिच के जैसी है जिस पर समान उछाल है।' ऑस्ट्रेलिया ने भी पिछले साल भारत और इंग्लैंड के टेस्ट दौरों पर अभ्यास मैच नहीं खेले थे।रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

## उन्हें उनकी तरह से काम करने दे आलोचना झेल रहे कोच गंभीर को मिला गांगुली का समर्थन


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गांगुली ने गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि भारत के मुख्य कोच ऐसे ही हैं। गांगुली ने रिकी पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, स्टीव वॉ जैसे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सितारों



का उदाहरण दिया, जिनकी व्यक्तित्व शैली गंभीर की तुलना में समान थी। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर को लगता है कि श्रीलंका के खिलाफ वनडे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में दो शर्मनाक हार के बाद उनके बने रहने पर सवाल उठ रहे हैं। वह जिस तरह से प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात करते हैं वह भी कुछ पूर्व क्रिकेटरों के बीच बहस का विषय बन गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मीडिया से उनकी बातचीत के बाद संजय मांजरेकर ने उन पर निशाना साधा था। हालांकि, पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली नहीं चाहते कि गंभीर अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाएं और उन्होंने दूसरों को सलाह दी है कि वह जैसे हैं उन्हें वैसा ही रहने दें।रेवस्पोर्ट्ज के साथ बातचीत के दौरान गांगुली ने गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि भारत के मुख्य कोच ऐसे ही हैं। गांगुली ने रिकी पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, स्टीव वॉ जैसे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सितारों का उदाहरण दिया, जिनकी व्यक्तित्व शैली गंभीर की तुलना में समान थी। गांगुली ने कहा, 'मैं बस इतना कहूंगा कि उन्हें वैसे ही रहने दो। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने जो कहा उसकी कुछ आलोचना देखी। वह ऐसे ही हैं, उन्हें उनके जैसे रहने दो। जब उन्होंने आईपीएल जीता था, तब भी वह ऐसे ही थे। तब आप उन पर गदगद हो रहे थे।


## गावस्कर को कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद, बोले- ऑस्ट्रेलिया में रन बनाने के लिए बहुत भूखे होंगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट में रन बनाने के लिए काफी भूखे होंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट ज्यादा रन बनाए थे। इसके अलावा एडिलेड में तो उसने हमेशा रन बनाए हैं। पर्थ में 2018-19 में उसने बेहतरीन टेस्ट शतक जड़ा था जो



सीरीज में कुल 93 रन ही बनाए थे। कोहली का रन बनाने के लिए संघर्ष करना भारत को 0-3 से मिली हार का एक बड़ा कारण था।भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर का मानना है कि खराब फॉर्म से गुजरने के बावजूद विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में आत्मविश्वास से अधिक ओतप्रोत होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। सीरीज से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर काफी चिंता जताई जा रही है जो पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। हालांकि, गावस्कर का कहना है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया सीरीज में कुल 93 रन ही बनाए थे। कोहली का रन बनाने के लिए संघर्ष करना भारत को 0-3 से मिली हार का एक बड़ा कारण था। कोहली पर राय रखते हुए गावस्कर ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया में रन बनाने के लिए भूखे होंगे क्योंकि उन्होंने पिछले दौरे पर ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर कई यादगार पारियां खेली हैं गावस्कर ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ कोहली रन नहीं बना सका था लिहाजा वह रनों का भूखा होगा। पिछली बार एडिलेड टेस्ट में जब दूसरी पारी में पूरी भारतीय टीम 36 रन पर आउट हो गई थी, जहां तक मुझे याद है कोहली ने रन आउट होने से पहले पहली पारी में 70 से उसके सबसे शानदार टेस्ट शतकों में से एक। इन पारियों से उसमें अतिरिक्त आत्मविश्वास होगा। शुरुआत में किस्मत का साथ चाहिए और अगर उसे अच्छी शुरुआत मिल गई तो वह बड़ी पारियां खेलेगा।कोहली का इस साल रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। इस साल उन्होंने छह टेस्ट मैच खेले और 22.72 के औसत से 250 रन बनाए जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड बेहतर है जिससे इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि कोहली का बल्ला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जमकर बोलेगा। इस 36 वर्षीय बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 मैचों में 1352 रन बनाए हैं।

# राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच बीच में छोड़ेंगे डेनियल विटोरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का शुरुआती टेस्ट मैच 22 नवंबर से पर्थ के ऑप्टस मैदान पर शुरू होगा। विटोरी ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच होने के अलावा आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी इस सप्ताह के आखिर में होने वाली आईपीएल की बड़ी नीलामी में भाग लेने के लिए भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के बीच में ही अपना कार्यभार छोड़ देंगे। आईपीएल नीलामी 24-25 नवंबर को सऊदी अरब के शहर जेद्दाह में होगी। पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का शुरुआती टेस्ट मैच 22 नवंबर से पर्थ के ऑप्टस मैदान पर शुरू होगा। विटोरी ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच होने के अलावा आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच भी हैं।

## कोहली की सफलता पर टिका मध्यक्रम, ऑस्ट्रेलिया में खूब बोला है विराट का बल्ला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अन्य किसी देश के



मुकाबले विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा रन विराट ने ऑस्ट्रेलिया में ही बनाए हैं। उन्होंने इस देश के खिलाफ कुल आठ शतक लगाए हैं, जिसमें छह ऑस्ट्रेलिया में लगाए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय मध्यक्रम का दारोमदार अनुभवी विराट कोहली की सफलता पर निर्भर करेगा। विराट इस वर्ष फॉर्म में नहीं हैं, बीते पांच वर्षों में उनके बल्ले से सिर्फ दो टेस्ट शतक निकले हैं। बावजूद इसके ऑस्ट्रेलियाई धरती पर उनका शानदार रिकॉर्ड भारतीय मध्यक्रम की सफलता ताना-बाना उनके इर्द-गिर्द बुन रहा है। दिग्गज सुनील गावस्कर ने भी स्पष्ट कर दिया है कि ऑस्ट्रेलिया में सफल रिकॉर्ड रनों के भूखे विराट का आत्मविश्वास वापस लाने का काम करेगा। विराट ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के चार दौरे किए हैं। चारों में ही उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। ऑस्ट्रेलिया में विराट को रन बनाना भी पसंद है। अन्य किसी देश के मुकाबले विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा रन विराट ने ऑस्ट्रेलिया में ही बनाए हैं। उन्होंने इस देश के खिलाफ कुल आठ शतक लगाए हैं, जिसमें छह ऑस्ट्रेलिया में लगाए गए हैं।

# सम्पादकीय

## महिलाओं का सुरक्षा कवच 'भारतीय संविधान'

समाज में व्याप्त रूढ़िवादी विचारधाराओं के कारण महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ा है। इस लड़ाई में उनके पास जो सबसे बड़ा हथियार हमारा संविधान रहा है। संविधान दिवस के मौके पर आइए इस मुद्दे पर प्रकाश डालते हैं। वर्तमान युग महिलाओं का है। महिलाएं हर क्षेत्र में भारत की कामयाबी का आयरन पिलर बन रहीं हैं। लेकिन हम सब जानते हैं हमेशा से ऐसा नहीं रहा। महिलाओं के संघर्ष का अपना पूरा इतिहास है। उनका सशक्तिकरण से समर्पण तक का लेखा-जोखा इतिहास में दर्ज है। भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष साथ महिला स्वतंत्रता की जंग जारी रही। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय संविधान महिलाओं का सुरक्षा कवच बना, यदि यह कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति न होगी। आज भी भारत की अनगिनत महिलाएं इस बात से अनजान है कि भारतीय संविधान के निर्माण की जिम्मेदारियों को पूरा करने में भारत की 15 विदुषी महिलाएं भी शामिल थी। इनमें से ज्यादातर महिलाओं ने स्वतंत्रता संघर्ष और भारत की समस्याओं को बेहद नजदीक से देखा और महसूस किया। साथ ही स्वतंत्रता आन्दोलनों में महिला आन्दोलन को न केवल आकार दिया बल्कि पितृसत्तात्मक समाज की चुनौतियों से भी मुकाबला किया।भारतीय समाज की आधी आबादी को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मजबूत कदम उठाए। भारत के संविधान निर्माताओं की कोशिश थी कि भारतीय संविधान के निर्माण में महिलाओं के अधिकारों का विशेष ध्यान रखा जाए इसलिए भारतीय संविधान के निर्माण में 15 विदुषी महिलाओं को संविधान सभा की सदस्य के तौर पर शामिल किया गया, जिनका भारत के गौरवशाली संविधान के निर्माण में अहम् योगदान रहा। इनके द्वारा न केवल महिला अधिकारों की वकालत की गई बल्कि एक सशक्त प्रगतिशील संविधान का निर्माण हो सके इस बात का भी विशेष ध्यान रखा गया। इन विदुषी महिलाओं में सरोजनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, एनी मैस्करीन, दक्षिणायनी वेलायुधन, दुर्गाबाई देशमुख, बेगम एजाज़ रसूल, हंसा जीवराज मेहता, कमला चौधरी, लीला रॉय, मालती चौधरी, पूर्णिमा बनर्जी, राजकुमारी अमृत कौर, रेणुका रे, विजयलक्ष्मी पंडित, सुचेता कृपालानी आदि प्रमुख थीं। जिन्होंने महिला समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं महिलाओं के कल्याण से जुडे मुददों की वकालत की। साथ ही संविधान निर्माताओं के द्वारा महिलाओं के अधिकारों को ध्यान रखते हुए एक ऐसा संवैधानिक दस्तावेज तैयार किया जिसके द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने संविधान के उस प्रारूप को स्वीकार किया जिसे डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की अध्यक्षता में ड्राफ्टिंग कमेटी ने तैयार किया था। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और भारत एक गणराज्य बना। भारत सरकार के द्वारा 2015 से 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। निश्चित तौर पर संविधान दिवस हर भारतीय के लिए बेहद प्रेरित करने वाला दिन है। भारतीय संविधान में समाज की असमानता, असुरक्षा, जैसी भावना को समाप्त करने के किए गए प्रावधानों से भारत को सशक्त और अखण्ड भारत बनाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभायी है। भारतीय संविधान ने महिलाओं के जीवन में क्रान्तिकारी बदलाव किए हैं। उन्हें समाज की अन्तिम पक्ति की सामान्य व्यक्तित्व नहीं अपितु समाज में बराबरी के हिस्सेदार बनाया है। यकीनन भारतीय संविधान समाज के हर तबके को ध्यान में रखकर निर्मित किया गया था। इसे तैयार होने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। भारतीय संविधान महिलाओं को अनेकानेक अधिकार देता है जिनमें से कुछ का प्रत्येक महिला को ज्ञान होना आवश्यक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में समानता का अधिकार और भेदभाव न करने का अधिकार, एवं अनुच्छेद 15 में जाति, धर्म, लिंग तथा जन्म स्थान आदि के आधार पर भेदभाव न करना तथा अनुच्छेद 16 में सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर की गारंटी देने का प्रावधान है। अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अनुच्छेद 21 स्त्री एवं पुरूष दोनों को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार, अनुच्छेद 39 समान कार्य के लिए समान वेतन तथा अनुच्छेद 42 के तहत राज्य को मातृत्व राहत पर ध्यान देना आदि अनेक प्रावधानों के तहत भारतीय समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य बहुत पहले ही किया जा चुका है। भारतीय संविधान महिलाओं को समान अधिकारों की गारंटी देता है, जिसमें अनुच्छेद 14, 15 और 16 के अन्तर्गत मतदान करने तथा चुनाव लड़ने का अधिकार भी शामिल है।

# विकसित भारत' के निर्माण में अलग भूमिका निभाएंगे औद्योगिक पार्क

भारत के आर्थिक विकास में औद्योगिक पार्क एक बड़ी भमिका निभाते दिख रहे हैं। यही नहीं स्मार्ट सिटीज के द्वारा भी देश के समग्र और क्षेत्रीय विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान मिलने की आशा है। आज सारे विश्व में भारत के 7ज्ञ् से अधिक दर से हो रहे




सर्वाधिक तीव्र विकास की सराहना हो रही है, जिसके बारे में विश्व बैंक, अर्न्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियन विकास बैंक और सभी वैश्विक संस्थाओं ने प्रशंसात्मक टिप्पी की है और माना है कि इस समय सारे विश्व के आर्थिक विकास के ईंजन में सर्वाधिक योगदान भारत का है।भारतीय इकोनॉमी 'स्वीट स्पॉट' जो 2024 में 7.2ज्ञ् की दर से बढ़ेगी। यह माना जा रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 तक, 4.34 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएगी, जो जापान के 4.31 ट्रिलियन डॉलर को पछाड़ देगी । इसका एक कारण यह है कि भारत में 2023 में जीडीपी के विकास की दर 7.8ज्ञ् रही जो जापान के 1.9ज्ञ् से कहीं अधिक है। इस गति से भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने की आशा है, जिसके फलस्वरूप भारत तब एक विकसित देश के रूप में उभरेगा।इन सारे विकास कार्यक्रमों में देश में इंडस्ट्रियल पार्क, स्मार्ट सिटीज और उनमें विकसित हो रहे छोटे और मध्यम दर्जे के उद्यमों का विशेष योगदान रहेगा, जैसे चीन में शेंजेन के स्पेशल इक्नॉमिक जोन और दूसरे औद्योगिक पार्कों का रहा है। इसी प्रकार अमेरिका में डेट्राइट में ऑटोमोबिल सेक्टर के विकास और सिलिकोन वेली में आईटी सेक्टर के उद्यमों के तेजी से विकास का योगदान रहा है। इसी प्रकार जर्मनी में इंजीनियरिंग उत्पादन के केन्द्रों का देश के जीडीपी के विकास में बहुत योगदान रहा है ।भारत की अर्थव्यवस्था छोटे और मध्यम दर्जो के उद्योगों (एमएसएमई) पर विशेष रूप से निर्भर है और आकंड़ों के मुताबिक देश की एक तिहाई जीडीपी उनसे आती है और लगभग 46ज्ञ् निर्यात भी इनके उत्पादनों पर आधारित है। रोजगार सृजन में भी एमएसएमई क्षेत्र का विशेष योगदान है जो जुलाई 2020 से जुलाई 2024 तक लगभग 21 करोड़ अनुमानित है।औद्योगिक पार्कों और केन्द्रों में, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और ट्रांसपोर्टेशन के कारण समन्वित और समग्र विकास से, उत्पादन के लिए सप्लाई चेन की प्रभावी क्षमता में बहुत सुधार होता है और कीमतों में कमी होती है। इसके अलावा इन पार्कों में कुछ बड़े उद्योग जो इन केन्द्रों में एन्कर उद्योगों का काम करते हैं इन अन्य उद्योगों को अनेक प्रकार से सर्पोट प्रदान करते हैं।इन बड़े उद्योगो के विकास और आकर्षण के लिए भारत सरकार की अनेक योजनाएं, जैसे 'मेक इन इण्डिया', पीएलआई (इ्‌द-ल्मूदह थ्हव् घ्हमहून), पीएम गतिशक्ति इत्यादि कार्यरत हैं। कुल मिलाकर यह देश मे उत्पादन बढ़ाने के लिए ईंजन का काम करते हैं। इस समय भारत में केन्द्र और राज्यों के सहयोग से अनेक औद्योगिक कॉरिडोर देश की अर्थव्यवस्था की धुरी बने हुए हैं और जीडीपी के विकास में पंख लगाने का काम कर रहे हैं। इनमें विशेष रूप से दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और चैनई इंडस्ट्रियल कोरिडोर उल्लेखनीय हैं। इधर अनेक राज्यों में नए-नए कॉरिडोर 3 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिसमें 6 केन्द्र होंगे- अलीगढ़, आगरा, कानपुर, चित्रकूट, झांसी और लखनऊ। अगस्त 2024 में भारत सरकार ने एक महत्वाकांक्षी और युगांत्तरकारी पहल के अन्तर्गत एनआईसीडीपी (राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम) की घोषणा की जिसमें देशभर में 28,600 करोड़ रुपये के निवेश से 11 राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे जिनमें बड़े-बड़े एंकर उद्योग और छोटे और मंझले दर्जे के एमएसएमईज विकसित होंगे और 2030 तक इनके द्वारा 2 ट्रिलियन डॉलर का निर्यात संभव हो पाएगा जो विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इन 11 औद्योगिक कोरिडोर में दिल्ली- मुम्बई के अतिरिक्त अमृतसर-कोलकता, बंगलुरु- मुम्बई, वाईजेक-चैनई, उड़ीसा, हैदराबाद - नागपुर, कोच्चि-कोइम्बटूर, देहली - नागपुर आदि सम्मिलित हैं।इनके अतिरिक्त एनआईसीडीपी परियोजना में कई नए औद्योगिक शहरों का, ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटीज के रूप में निर्माण किया जाएगा जिनमें उद्योग-धंधों के लिए 'प्लग एण्ड प्ले' और 'वॉक टू वर्क' जैसी सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इनमें गुजरात के धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रिजन (डीएसआईआर), महाराष्ट्र में औरंगाबाद इंडस्ट्रियल टाउनशिप, ग्रेटर नोएडा में इंटिग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप और मध्य प्रदेश में इंटिग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, विक्रम उद्योगपुरी आदि शामिल हैं।केन्द्र और राज्य सरकारों के अतिरिक्त प्राइवेट सेक्टर के अन्तर्गत भी इन औद्योगिक केन्द्रों के विकास में बहुत काम सम्भव है, और हो रहा है जो इनके समन्वित रूप से इनके विकास और एंकर डद्योगों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, वेदान्ता ग्रुप ने घोषणा की है कि वे दो इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करेंगे, जिनमें एक एल्यूमिनियम और दूसरा जिंक और चांदी के लिए होगा, जो तीनों धातुएं देश के इलेक्ट्रॉनिक्स और रिन्यूवेबल एनर्जी के जरूरतों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं इस परियोजना के लिए जो 'नो प्रोफिट नो लॉस' पर आधारित होगी, राजस्थान और उडीसा में 1500 एकड़ में यह कल्स्टर स्थापित किए जाएंगे जिनसे एमएसएमईज और स्टार्ट-अप्स को डाउनस्ट्रीम की लिंकेज के आधार पर विकसित किया जायेगा । इनके अतिरिक्त अडानी ग्रुप ने भी इस संबंध में बहुत काम किया है।औद्योगिक पार्कों के अतिरिक्त स्मार्ट सिटीज के द्वारा भी देश के समग्र और क्षेत्रीय विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान मिलने की आशा है इस सम्बन्ध में उद्योग मंत्री पियूष गोयल द्वारा जापान की विशाल कम्पनी टोयोटा द्वारा महाराष्ट्र के सांभाजीनगर में विकसित किये जा रहे एक महत्वपूर्ण औद्योगिक नगर का भी वर्णन किया गया था। वास्तव में आने वाले कुछ वर्षों में एनआईसीडीपी जैसी क्रान्तिकारी योजनाओं से देश के आर्थिक, औद्योगिक और क्षेत्रीय समन्वित विकास और रोजगार सृजन में तेजी से बढ़ावा देने में बहुत योगदान मिलेगा, जिनसे 2047 तक विकसित भारत के गंतव्य प्राप्ति में विशेष सहायता मिलेगी।

# हिमालयी रोडोडेंड्रॉन फूलों पर जलवायु परिवर्तन का खतरा

सदियों से, रोडोडेंड्रॉन हिमालय के ठंडे और नम वातावरण में फलते-फूलते रहे हैं और अपनी जीवंत सुंदरता से पहाड़ियों की शोभा बढ़ाते रहे हैं। भारत में ये फूल लोगों के



दिलों में खास जगह रखते हैं। हिमालय, भारत का भव्य मुकुट, अपनी अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यहां की अनमोल जैव विविधताके खजानों में से एक हैं रोडोडेंड्रॉन के रंग-बिरंगे फूल, जो हर वसंत में अपने शानदार रंगों से पहाड़ों को सजाते हैं। भारत में रोडोडेंड्रॉन की लगभग 132 प्रजातियां (टैक्सा) पाई जाती हैं, जिनमें 80 प्रजातियां, 25 उपप्रजातियां और 27 किस्में शामिल हैं। सदियों से, रोडोडेंड्रॉन हिमालय के ठंडे और नम वातावरण में फलते-फूलते रहे हैं और अपनी जीवंत सुंदरता से पहाड़ियों की शोभा बढ़ाते रहे हैं। भारत में ये फूल लोगों के दिलों में खास जगह रखते हैं। उत्तराखंड का राज्य वृक्ष, रोडोडेंड्रॉन अर्बोरियम के चमकदार लाल फूल और रोडोडेंड्रॉन कैंपानुलाटम के कोमल गुलाबी फूल, क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर में गहराई से रचे-बसे हैं। ये फूल मंदिरों और घरों को सजाते हैं तथा स्थानीय संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़े हुए हैं और लंबे समय से सौंदर्य और प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। लेकिन अब, ये फूल अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और एक मौन खतरा उनके भविष्य पर काली छाया डाल रहा है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान और अनियमित मौसम के पैटर्न के साथ, हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक संतुलन को बिगाड़ रहा है और रोडोडेंड्रॉन इस बदलाव का शिकार हो रहे हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है और बारिश के पैटर्न अनियमित हो रहे हैं, रोडोडेंड्रॉन खुद को अनुकूलित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वैज्ञानिक इन पौधों की वृद्धि, फूलने के पैटर्न और वितरण में चिंताजनक बदलाव देख रहे हैं, जिससे उनके दीर्घकालिक अस्तित्व और नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं।हिमालय, जिसे अक्सर ठतीसरा ध्रुवठ कहा जाता है, जलवायु परिवर्तन के तीव्र प्रभावों का सामना कर रहा है। इस परिवर्तन का प्रभाव केवल रोडोडेंड्रॉन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र और इसके द्वारा पोषित लाखों लोगों पर असर डाल रहा है।हिमालय में तापमान वैश्विक औसत से अधिक तेजी से बढ़ रहा है। नेचर क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 1970 के दशक से हिमालय का तापमान 1.5ष्टण् तक बढ़ गया है, और उच्चतम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यह वृद्धि सबसे अधिक है। यह तेजी से बढ़ता तापमान पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बिगाड़ रहा है। हिमालय में जलवायु परिवर्तन का सबसे स्पष्ट प्रभाव ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। अंतरराष्ट्रीय पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी) के अनुसार, हिंदू कुश हिमालय में ग्लेशियर पिछले तीन दशकों में 15ज्ञ् तक सिकुड़ गए हैं। यह ग्लेशियर पिघलने की प्रक्रिया हिमालयी नदियों के जल चक्र को प्रभावित कर रही है और ग्लेशियल झीलों के निर्माण का कारण बन रही है, जो ग्लेशियल झील विस्फोट बाढ़ (ग्लोफ्स) का जोखिम पैदा कर रही हैं। हिमालयी रोडोडेंड्रॉन, जो कठोर पर्वतीय परिस्थितियों में भी अपनी दृढ़ता का प्रतीक माने जाते थे लेकिन अब अभूतपूर्व पर्यावरणीय बदलावों के प्रति संवेदनशील हो रहे हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, रोडोडेंड्रॉन ठंडी जगहों की तलाश में उच्च ऊंचाई की ओर बढ़ रहे हैं। बायोडायवर्सिटी एंड कंजर्वेशन में प्रकाशित माओ एट अल. द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि सिक्किम हिमालय के कई रोडोडेंड्रॉन प्रजातियां ऊंचाई में हर साल 1.3 मीटर की दर से ऊपर की ओर स्थानांतरित हो रही हैं। रोडोडेंड्रॉन के फूलने का समय तापमान संकेतों से जुड़ा हुआ है। इसी तरह, करंट साइंस में प्रकाशित शोध के अनुसार, उत्तराखंड हिमालय में रोडोडेंड्रॉन अर्बोरियम के फूलने के समय में 15 दिनों की अग्रता देखी गई है। प्लांट इकोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया कि बढ़ते तापमान और बदलते वर्षा पैटर्न के कारण कुछ रोडोडेंड्रॉन प्रजातियों में विकास दर और फूलों के उत्पादन में कमी आई है। सांस्कृतिक और आजीविका पर प्रभाव रोडोडेंड्रॉन न केवल पारिस्थितिकीय रूप से बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से भी महत्वपूर्ण हैं। इनके वितरण में बदलाव से हिमालयी समुदायों की आजीविका और परंपराओं पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है और आने वाले समय में पहाड़ों पर बढ़ते दबाव के कारण और प्रभाव पड़ने की आशंका है। रोडोडेंड्रॉन के खिलने का बदलता समय पर्यटन उद्योग को खासा प्रभावित कर सकता है। रोडोडेंड्रॉन के फूलने के चक्र (फेनोलॉजी) पर किए गए अध्ययन यह साफ दर्शाते हैं कि इन पर जलवायु परिवर्तन का कितना असर पड़ रहा है। इनकी सजावटी उपयोगिता के अलावा, रोडोडेंड्रॉन का पैकेजिंग, लकड़ी के शिल्प, सुगंध और धार्मिक उद्देश्यों में भी उपयोग होता है। साथ ही, स्थानीय चिकित्सा पद्धतियों में इनका उपयोग सर्दी, खांसी, पुरानी ब्रोंकाइटिस और दस्त के उपचार में किया जाता है। रोडोडेंड्रॉन अर्बोरियम की पंखुड़ियां जूस, जैम और जेली बनाने के लिए व्यापक रूप से प्रयोग की जाती हैं। इन फूलों का स्थानीय आजीविका को मजबूत बनाने में अहम योगदान है। यदि जलवायु परिवर्तन के कारण इनका फूलने का चक्र और वितरण प्रभावित होता रहा, तो यह न केवल स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को बल्कि उन समुदायों को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा, जिनकी आजीविका और सांस्कृतिक परंपराएं इन पर निर्भर हैं। हांलाकि भारत में कई शोध संस्थान रोडोडेंड्रॉन के संरक्षण का प्रयास तेजी से कर रहे हैं, जिनमें जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, जो रोडोडेंड्रॉन की आनुवंशिक विविधता पर शोध कर रहा है, तथा उत्तराखंड में नंदा देवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रमुख हैं, फिर भी इन प्रयासों में तेजी लाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। आगामी दिशा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाना और टिकाऊ उपभोग की आदतें विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। रोडोडेंड्रॉन का भविष्य हमारे हाथों में है। अगर हम वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करें, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाएं और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ठोस कदम उठाएं, तो हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि ये जीवंत फूल आने वाली पीढ़ियों के लिए हिमालय की ढलानों को सजाते रहें।

# बीना पॉल- कई पदों को सुशोभित करती संपादक

पुणे के एफटीआईआई से एडिटिंग का प्रशिक्षण (1983) प्राप्त बीना पॉल न केवल एडिटर हैं, वरन वे डॉक्यूमेंट्री निर्देशक, केरल के



इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की आर्टिस्टिक डॉयरेक्टर तथा केरल स्टेट चलचित्र अकादमी की वाइस चेयरपर्सन भी हैं। उन्होंने अभी तक 29 फिल्मों का संपादन किया है। वे सेंटर फॉर डेवेलपिंग ऑफ इमेजिंग टेक्नॉलॉजी में सिनियर एडिटर रह चुकी हैं। उन्होंने एल. वी. प्रसाद फिल्म अकादमी (तिरुवनंतपुरम कैम्पस में प्रिंसिपल का पद भी संभाला है।), 2017 में फिल्म उद्योग में स्त्रियों के लिए समान अवसर एवं अस्मिता हेतु भारत के पहले संगठन 'वीमेन इन सिनेमा कलेक्टिव' की सह-संस्थापक हैं। इस संस्था ने हाल की हेमा रिपोर्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीना के पति ने भी पुणे एफटीआईआई से सिनेमाटोग्राफी का कोर्स किया है। अपने सहपाठी वेणुगोपाल से बीना ने 1983 में शादी की। दोनों की मालविका नाम की एक बेटी है, बेटी एक म्युजियम की मैनेजर है। मलयाली पिता और कन्नडिगा मां की इस संतान बीना पॉल की परवरिश दिल्ली में हुई। बीना ने अपने संपादन जीवन का प्रारंभ जिद्दु कृष्णमूर्ति पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री 'द शीयर हू वॉक्स अलोन' (1985) से की। डॉक्यूमेंट्री के निर्देशक जाने-माने गी अरविंदन हैं।फिल्म एडिटर का काम सृजनात्मक होता है उसे आकृति, कहानी, संवाद, संगीत, गति के साथ-साथ अभिनेताओं के कार्य को प्रभावपूर्ण तरीके से 'रि-इमेजिन' करना होता है, एक तरह से फिल्म को दोबारा लिखना होता है, ताकि अंश-अंश जुड़कर संपूर्ण हो सके। यह कार्य जितना कलात्मक है, उतना ही तकनीकि भी। फिल्म निर्माण में एडिटर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है, वह फिल्म को बना सकता है, तो बिगाड़ने का श्रेय भी कई बार उसी को जाता है।

ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)

FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)



- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

Ms. Riya Arora (Counsellor)



- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


# दुनिया के मंचों पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप छोड़ेगा महाकुम्भ 2025 सीएम योगी’

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** 27 नवंबर।’ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रयागराज दौरे पर महाकुम्भ की तैयारियों को गति देते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता मित्रों व गंगा सेवादूतों के लिए 237.38 करोड़ के उपकरण व विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि प्रयागराज के दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के साथ हम सबको जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वेणी माधव भगवान ने, मां गंगा ने, हम सबको ये अवसर दिया है कि हम सभी लोग मिलकर इस भव्य और दिव्य आयोजन में सहभागी बनकर देश और दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को प्रयागराज की महत्ता के बारे में बताएं। इस पौराणिक और दुनिया के सबसे बडे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम के माध्यम से प्रयागराज, उत्तर प्रदेश और भारत की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दुनिया के मंचों पर देगा। इस आयोजन से जुड़ने का सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है तो यह जरूर पूर्वजन्मों के पुण्यों का ही प्रताप है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की तैयारी तेजी से आगे बढ़ रही है। सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे इस आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद आप सभी का अभिनंदन करने फिर यहां आएंगे। 2019 में स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का प्रतिबिंब बना था कुम्भ अपने उद्बोधन में सीएम योगी ने कहा कि दिव्य, भव्य और डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रयागराज महाकुम्भ आयोजन की नींव स्वच्छताकर्मी, सफाईकर्मी, नाविक और इस पूरे अभियान से जुड़े हुए जितने भी कार्मिक हैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। प्रयागराज का कुम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में पूरे देश और दुनिया में प्रयागराज को एक वैश्विक छवि के रूप में स्थापित करने में सफल रहा है। एक भव्य, दिव्य कुम्भ के साथ ही कुम्भ भी स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का एक प्रतिबिंब बन सकता है, कुम्भ के माध्यम से आने वाला हर व्यक्ति एक सुकून महसूस करके असीम आध्यात्मिक शांति की अनुभूति करता हो, यह दृश्य 2019 के प्रयागराज कुम्भ में देखने को मिला था। प्रयागराज कुम्भ के उस कार्यक्रम में स्वच्छ कुम्भ की परिकल्पना को साकार करने वाले स्वच्छता कर्मियों को प्रधानमंत्री जी ने उनके पैर धोकर उस समय संदेश दिया था कि स्वच्छ कुम्भ की नींव और उसकी आधारशिला कोई है तो वो सफाई कर्मचारी हैं, उनका सम्मान और अभिनंदन होना चाहिए।पहले से भी वृहद और भव्य होगा महाकुम्भ 2025 उन्होंने कहा कि प्रातः काल से ही प्रयागराज के अंदर अलग-अलग स्थानों पर जो कार्यक्रम होने जा रहे हैं उसकी तैयारी में सभी जुटे हुए हैं। 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच में जो 6 प्रमुख स्नान होने हैं, उनमें 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकरसंक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान होंगे। उन्होंने कहा कि इस बार कुम्भ का क्षेत्र बढ़ाया गया है। पहले 1800 हेक्टेयर का क्षेत्र हुआ करता था, जो बढ़कर 2000 हुआ, फिर 2500 और कुम्भ में यह 3200 हेक्टेयर तक पहुंच गया। इस बार यह 4000 हेक्टेयर के विस्तृत भूभाग में आयोजित किया जाएगा। 25 सेक्टर बनाए गए हैं। इसके अलावा 1850 हेक्टेयर की पार्किंग भी संगम तट से एक निश्चित स्थान पर प्रदान की जा रही है। 14 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जा रहे हैं। 9 पक्के घाट बनाए जा रहे हैं, 7 रिवर फ्रंट रोड, 12 किमी. का अस्थायी घाट, 550 शटल बसें, 7000 रोडवेज बसें, 7 बस स्टैंड बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही यहां जितने भी नाले-सीवर थे, सभी को टैप करते हुए बायोरेमिडिसन के माध्यम से गंगा में कोई भी गंदगी नहीं गिरने देंगे, इस संकल्प के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही, यहां पर स्ट्रीट आर्ट और वॉल म्यूरल के भी कार्यक्रम 18 लाख वर्ग फीट पर चल रहा है। शहर के चार सरकारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के उच्चीकरण का कार्य भी चल रहा है। स्वच्छ कुम्भ के लिए हो रही व्यापक तैयारी सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ कुम्भ के लिए भी कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। गत कुम्भ में 1,14 लाख शौचालय बनाए गए थे तो वहीं इस बार के कुम्भ में 1.5 लाख से अधिक शौचालय बनाए जा रहे हैं और इनमें 10 हजार से अधिक स्वच्छताकर्मियों की तैनाती भी की जा रही है। मेला क्षेत्र में गत कुम्भ में 80 हजार टेन्टेज लगे थे, इस कुम्भ में इनकी संख्या बढ़कर के 1.60 लाख तक पहुंचाई जा रही है। पिछले कुम्भ में 300 किमी. के 22 पॉन्टून ब्रिज बनाए गए थे, इस कुम्भ में 400 किमी. के 30 पॉन्टून ब्रिज बनाए जा रहे हैं। गत कुम्भ में 40700 स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई थीं, इस कुम्भ में इनकी संख्या बढ़ाकर 67 हजार की गई है। इसके अतिरिक्त 2000 सोलर हाईब्रिड स्ट्रीट लाइट्स, 2 नए विद्युत सबस्टेशन की स्थापना, 66 नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जा रहे हैं। गत कुम्भ में 1049 किमी. की पाइपलाइन और 10 नलकूप स्थापित किए गए थे तो इस कुम्भ में 1249 किमी. की पेयजल पाइपलाइन, 200 वाटर एटीएम और 85 नलकूप भी यहां स्थापित किए जा रहे हैं। भव्य और दिव्य कुम्भ के साथ डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना हो रही साकार सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान डिजिटल कुम्भ को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत प्रयागराज सिटी का डिजिटल टूरिज्म मैप विकसित किया जा रहा है। डिजिटल स्वच्छता और डिजिटल सुरक्षा के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति आए उसको ये सारा कार्यक्रम वह अपने स्मार्टफोन से डिजिटली पता लगा सकेगा कि उसे कहां जाना है और कौन सा रास्ता उसे उसके गंतव्य तक ले जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का दिसंबर के दूसरे सप्ताह में प्रयागराज में आगमन है। वह यहां लगभग साढ़े 6 हजार करोड़ रुपए से महाकुम्भ की परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। एक भव्य और दिव्य कुम्भ के साथ ही डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना को साकार करने के लिए जिस टीम को काम करना है उस टीम का आह्वान करने के लिए आज यहां आया हूं। प्रसन्नता है कि इसका शुभारंभ आज यहां पर सफाईकर्मियों, स्वच्छताग्रहियों, नाविकों के सम्मान के साथ प्रारंभ हो रहा है। यानी नींव के पत्थरों को हमने पूरी मजबूती प्रदान की है। पूरा विश्वास है कि नगर विकास विभाग, ऊर्जा विभाग,जलशक्ति विभाग, प्रशासन, पुलिस और अन्य सभी संबंधित विभाग मिलकर इस भव्य और दिव्य कुम्भ को फिर से दुनिया के सामने उसी भव्यता के रूप में प्रस्तुत करने में सफल होंगे। इस अवसर पर मा0 उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रयागराज को तीर्थों का राजा कहा जाता है। तीर्थों के राजा को राजा बनाने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा तथा प्रदेश में मा0 मुख्यमंत्री जी की डबल इंजन की सरकार के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम लोगो ने जो सोचा नहीं था, वह सब कुछ आज हम अपनी आंखों से प्रयागराज में देख रहे है। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में स्वच्छ, भव्य एवं दिव्य कुम्भ का आयोजन किया गया था, जिसकी व्यवस्थाओं की प्रशंसा पूरे विश्व में हुई थी। उन्होंने कहा महाकुम्भ 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसके दृष्टिगत इसको दिव्य, भव्य, ग्रीन, सुरक्षित एवं सफल बनाने के लिए इस बार व्यवस्थाओं में वृद्धि की जा रही है। इस बार लगभग 40 करोड़ से अधिक लोगो के महाकुम्भ मेले में आने का अनुमान है। मेले में आने वाले श्रद्धालु अपने साथ सुखद अनुभव लेकर वापस लौंटे और आयोजन की प्रशंसा करें, इसके लिए हम सभी प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे है। इस अवसर पर माननीय नगर विकास मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि महाकुम्भ मेले के सफल आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए हर स्तर पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसको सफल बनाने में सभी के सहयोग के साथ-साथ स्वच्छाग्रहियों, नाविकों, सफाई कर्मियों का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन है, इसकी विरासत को हमें अक्क्षुण बनाये रखने में अपना योगदान देना है। मेले के सफल आयोजन में डिजिटल तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल किया जायेगा। यह महाकुम्भ मैनेजमेंट की दृष्टि से भी दुनिया को चौका देने वाला होगा। इस अवसर पर प्रयागराज जनपद के प्रभारी मंत्री और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, महापौर गणेश केसरवानी, सांसद प्रवीण पटेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन बाजपेई, पीयूष रंजन निषाद, गुरुप्रसाद मौर्य, दीपक पटेल,केपी श्रीवास्तव, सुरेंद्र चौधरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात उपस्थित रहे।







# बॉलीवुड/टेली मसाला



## एक साथ नजर आएंगे 'डेडपूल' और शाहरुख खान, दुबई में रयान रेनॉल्ड्स के साथ होगी रोचक मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शाहरुख खान हॉलीवुड सुपरस्टार रयान रेनॉल्ड्स के साथ 'ग्लोबल फ्रेट समिट' में शामिल होने





वाले हैं। कार्यक्रम के लिए अभिनेता ने दुबई की उड़ान भरी है। शाहरुख खान 'ग्लोबल फ्रेट समिट' में हिस्सा लेने वाले हैं। अभिनेता इस कार्यक्रम में एसमीयू की फिल्म 'डेडपूल' के अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स के साथ शामिल होंगे। समिट के लिए किंग खान ने दुबई के लिए उड़ान भरी है। अभिनेता को सादे अंदाज में एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड स्टार तक इस हाई प्रोफाइल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते नजर आएंगे। डीपी वर्ल्ड द्वारा आयोजित 'ग्लोबल फ्रेट समिट' का तीसरा संस्करण 18 नवंबर से 20 नवंबर तक दुबई में आयोजित किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के वक्ता कारोबार की रणनीतियों को साझा करेंगे। 20 नवंबर को शाहरुख खान और रयान रेनॉल्ड्स मुख्य भाषण देने वाले हैं। शाहरुख खान बॉलीवुड सुपरस्टारडम से बिजनेस सक्सेस तक के विषय पर अपनी बात रखेंगे। शाहरुख खान का सेशन स्थानीय समयानुसार सुबह 10:10 बजे से 10:45 बजे तक होने वाला है। दूसरी ओर, रयान रेनॉल्ड्स स्थानीय समयानुसार दोपहर 2:00 बजे से 2:30 बजे तक निर्धारित अपने सत्र में 'प्लेइंग फॉर द बिग लीग्सः फ्रॉम द मूवी थिएटर टू डिसरप्टिंग बिजनेस' पर चर्चा करेंगे।शाहरुख खान और रयान रेनॉल्ड्स एक ग्लोबल स्टार होने के साथ ही एक सफल बिजनेस मैन भी हैं। प्रोडक्शन कंपनी और एंटरप्रेन्योर होने के साथ ही किंग खान एक क्रिकेट टीम के भी मालिक हैं। वहीं, रयान रेनॉल्ड्स एक प्रोडक्शन कंपनी और एक फुटबॉल टीम के मालिक होने के साथ ही मोबाइल नेटवर्क सेवा जैसे उद्यमों के लिए भी जाने जाते हैं। ऐसे में अभिनेता के साथ-साथ ये सफल व्यवसायी समिट में अपने विचार और सफलता के मंत्र को साझा कर लोगों को प्रेरित करेंगे।

## विल स्मिथ के साथ गंवाया डेब्यू का मौका, बाद में तारा की पहली फिल्म के लिए भारत आए हॉलीवुड स्टार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तारा सुतारिया अभिनेत्री होने के साथ एक गायिका भी हैं। अदाकारी के अलावा वह कॉमर्स से मास मीडिया में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है।आपको जानकर हैरानी होगी कि तारा की एक जुड़वां बहन भी हैं, जिनका से अभिनय में कदम रखा। इन दोनों ही शोज से उन्हें लोगों के बीच खास पहचान मिली। तारा सुतारिया उन दो अभिनोत्रियों में से एक थीं, जिन्हें




अपनी आवाज से भी लाखों दिलों पर राज करती हैं। तारा सुतारिया की गिनती हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनत्रियों में होती है। वह हर साल 19 नवंबर को अपना जन्मदिन मनाती हैं। इस बार उनका यह 29वां जन्मदिन हैं। तारा की गिनती उन अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने कम समय में बॉलीवुड में खास जगह बनाई है। चलिए उनके जन्मदिन पर जानते हैं उनसे जुड़ी खास बातें...तारा सुतारिया का जन्म मुंबई में हुआ। उनके पिता हिमांशु सुतारिया हिंदू धर्म और मां टीना पारसी समुदाय से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने सेंट एंड्रयूज कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड नाम पिया सुतारिया है। यूं तो पिया लाइमलाइट से काफी दूर नजर आती हैं, लेकिन वह खूबसूरती के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं।तारा सुतारिया को गायकी और डांस में महारत हासिल है। उन्होंने क्लासिक बैले और मॉडर्न डांस का प्रशिक्षण ले रखा है। तारा ने बहुत छोटी उम्र से गायकी शुरू कर दी थी। वह सात साल की उम्र से पेशेवर गायिका के तौर पर अपनी आवाज का जादू बिखेर रही हैं। तारा ने डिज्नी इंडिया के शो बिग बड़ा बूम में गायिका के तौर पर अपनी शुरुआत की थी और फिर इसी चैनल के सिटकॉम द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर (2012) और ओए जस्सी (2013) हॉलीवुड फिल्म अलादीन के लिए चुना गया था। राजकुमारी जैस्मीन के रोल की वह प्रबल दावेदार थीं। हालांकि, बाद में यह रोल नाओमी स्कॉट के पास चला गया। फिल्म अलादीन में विल स्मिथ जैसे हॉलीवुड के बड़े सुपरस्टार ने अहम भूमिका निभाई थी।तारा सुतारिया ने भले ही विल स्मिथ की फिल्म से डेब्यू का मौका गंवा दिया, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। तारा की पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 थी, जिसमें विल स्मिथ विशिष्ट भूमिका में दिखे थे। इस फिल्म के लिए हॉलीवुड स्टार ने भारत आकर एक गाने में अपनी झलक दिखाई थी।

## स्कॉरसेसे और स्पीलबर्ग की होने जा रही दिलचस्प जुगलबंदी, एपल टीवी ने दी इस कहानी को हरी झंडी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दो ऑस्कर विजेताओं मार्टिन स्कॉर्सेसे और स्टीवन





स्पीलबर्ग द्वारा निर्मित टीवी सीरीज केप फियर को औपचारिक रूप से हरी झंडी दे दी है। उनके साथ इस सीजन में जेवियर बार्डेम भी नजर आएंगे। निक एंटोस्का ( द एक्ट ) द्वारा निर्मित , केप फियर जॉन डी. मैकडोनाल्ड के उपन्यास ठद एक्जीक्यूशनर्सठ पर आधारित है। इसी नाम की 1962 की फीचर फिल्म के अलावा स्कोर्सेसे द्वारा निर्देशित 1991 की रीमेक से भी प्रेरित है। फैंस के लिए खुशखबरी है कि अब 'केप फियर'' ज्ज्त ऊ्ब पर प्रसारित होगी।'केप फियर' पूरे दस एपिसोड की सीरीज है। इसमें सस्पेंस, थ्रिलर और 21वीं सदी में अमेरिका के सच्चे अपराध के प्रति जुनून को दर्शाया जाएगा। कहानी की बात करें तो अमांडा और स्टीव बोडेन के जीवन में तब तूफान आता है, जब उनके अतीत का हत्यारा मैक्स कैडी (बार्डेम द्वारा अभिनीत) जेल से बाहर आ जाता है। यह मैकडोनाल्ड की पुस्तक और फिल्मों से थोड़ा हटकर है, जहां केवल पति ही वकील होता है। दोनों फिल्मों में मैक्स की भूमिका रॉबर्ट मिचम (1962) और रॉबर्ट डी नीरो (1991) ने निभाई थी। विवाहित जोड़े की भूमिका ग्रेगरी पेक और पॉली बर्गन और निक नोल्टे और जेसिका लैंग ने निभाई थी। यह भूमिका बार्डेम को खलनायक की दुनिया में वापस ले आएगी, उन्होंने कई फिल्मों में उत्कृष्ट अभिनय किया है, जिनमें नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन भी शामिल है , जिसके लिए उन्हें ऑस्कर मिला था।केप फियर टीवी सीरीज का निर्माण यूनिवर्सल स्टूडियो ग्रुप के यूसीपी और एम्बलिन टेलीविजन द्वारा किया गया है, जो यूनिवर्सल पिक्चर्स के विभाग हैं, जो दोनों फिल्मों के पीछे का स्टूडियो है और एम्बलिन एंटरटेनमेंट, जिसने 1991 में बनी फिल्म का निर्माण किया था। स्पीलबर्ग, जिन्होंने 1991 की फिल्म का निर्माण किया था, स्कोर्सेसे और एंटोस्का एलेक्स हेडलंड के साथ मिलकर ईट द कैट का कार्यकारी निर्माण करेंगे। डैरिल फ्रैंक और जस्टिन फालवे स्पीलबर्ग के साथ मिलकर एम्बलिन टेलीविजन का कार्यकारी निर्माण करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐप्पल टीवीः का स्कॉर्सेसे का फर्स्ट-लुक टीवी से डील तय है, जिसने हाल ही में किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून का निर्देशन किया था। जिन्होंने एम्बलिन टेलीविजन ने हाल ही में मास्टर्स ऑफ द एयर का निर्माण किया था। बार्डेम का एप्पल के साथ भी मौजूदा रिश्ता है, वह एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स की फिल्म एफ1 में नजर आएंगे, जिसका प्रीमियर 25 जून 2025 को वैश्विक सिनेमाघरों में होगा।

## कंगुवा' के निराशाजनक कलेक्शन से खुलीं निर्माताओं की आंखें, अब उठाया ये बड़ा कदम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कंगुवा के निराशाजनक प्रदर्शन से अब फिल्म के निर्माताओं की आंखें खुल गई हैं। उन्होंने बड़ा कदम उठाते हुए फिल्म की लंबाई को छोटा कर दिया है।सूर्या अभिनीत कंगुवा ने 14 नवंबर को बड़े पर्दे पर दस्तक दी थी। रिलीज से पहले निर्माताओं ने इस फिल्म ने अच्छा कारोबार नहीं किया। शनिवार को फिल्म ने नौ करोड़ 85 लाख और रविवार को 10.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं मंडे टेस्ट में भी यह फिल्म पुरी तरह से फेल रही। लगातार हो रही कम कमाई ने निर्माताओं को चिंता में डाल दिया है। फिल्म को और अधिक नुकसान से बचाने के लिए अब



को लेकर बड़े बड़े दावे किए थे। कंगुवा को लेकर कहा गया था कि यह कॉलीवुड के लिए पहली 1000 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली फिल्म होगी। हालांकि, सिनेमाघरों में आने के बाद फिल्म ने दर्शकों को बुरी तरह निराश किया और लगातार मिल रही आलोचनाओं से इसके कलेक्शन पर गहरा असर देखने को मिला। सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कमाई में पहले दिन के बाद से ही लगातार गिरावट देखी जा रही है। सूर्या की यह फिल्म दूसरे दिन ही टिकट खिड़की पर 60 फीसदी की गिरावट के साथ धराशायी हो गई। वहीं तीसरे और चौथे दिन भी फिल्म निर्माताओं ने फिल्म को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्माताओं ने फिल्म की समय-अवधि को 12 मिनट छोट कर दिया है। पहले यह फिल्म 154 मिनट लंबी (2 घंटे और 34 मिनट) थी, लेकिन अब इस पर कैंची चलाकर इसे 142 मिनट (2 घंटे और 22 मिनट) लंबा कर दिया गया है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गोवा की पृष्ठभूमि में 2024 के दिखाए गए दृश्यों को फिल्म से छांटा गया है। देखना दिलचस्प होगा कि निर्माताओं के इस कदम से क्या फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर कोई असर पड़ता है या कंगुवा टिकट खिड़की पर बुरी तरह फ्लॉप रहती है।

## बिग बॉस के घर में गदर काटने आ रही ये हसीना, जानें कौन हैं अदिति मिस्त्री

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**'बिग बॉस 18' के घर में फिटनेस इन्फ्लुएंसर अदिति मिस्त्री बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री ले रही हैं। आइए जानते हैं वह कौन हैं?'बिग बॉस 18' के ड्रामा और रोमांच को बढ़ाने का निर्माता हर को घर में लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मॉडल अपनी आकर्षक इंस्टाग्राम उपस्थिति और फिटनेस के प्रति जुनून के लिए जानी जाती हैं। अदिति सोशल मीडिया पर भी काफी मशहूर हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2.4 मिलियन



संभव प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में, निर्माताओं ने कुछ हफ्ते पहले दो वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों, दिग्विजय सिंह राठी और कशिश कपूर को पेश किया, जिन्हें आखिरी बार स्प्लिट्सविला 15 में एक साथ देखा गया था। अब तीन और वाइल्ड कार्ड एंट्री बिग बॉस के घर में होने वाले हैं, जिसमें अदिति मिस्त्री, एडिन रोज और यामिनी मल्होत्रा शामिल हैं। आइए जानते हैं इनमें से एक अदिती मिस्त्री के बारे मेंष्ठ अदिति मिस्त्री एक लोकप्रिय मॉडल और डिजिटल क्रिएटर और फिटनेस इन्फ्लुएंसर हैं। अदिति अपने आकर्षण और ऊर्जा फॉलोअर्स हैं। वह फिटनेस से जुड़े कंटेंट प्रशंसकों के साथ साझा करती रहती हैं। घर में प्रवेश करने से पहले अदिति ने कहा, ठमैं यहां अपनी उपस्थिति महसूस कराने और खेल को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए हूं। देखते हैं चीजें कैसे सामने आती हैं! उनकी बातों से उनका आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इन तीनों वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों के घर में आने से समीकरण बदलेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अदिति की कुल संपत्ति करीब 5 करोड़ रुपये है। वह मुख्य रूप से मॉडलिंग, इन्फ्लुएंसर वर्क, फिटनेस ट्रेनिंग और ऐप से कमाई करती हैं।

## शादीशुदा से ज्यादा समय तो विधवा रहीं मेरी नानी, अनचाहे मर्दो पर पायल का सीधा निशाना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पायल ने कान में ग्रां प्रि पुरस्कार जीतने वाली अपनी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' अपनी नानी को समर्पित की है।



अगले हफ्ते ये फिल्म भारत में रिलीज हो रही है। निर्देशक पायल कपाड़िया का नाम अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा में खूब है। उनकी मां नलिनी मलानी की गिनती देश की शुरुआती वीडियो आर्टिस्ट्स में होती है। पायल ने कान में ग्रां प्रि पुरस्कार जीतने वाली अपनी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' अपनी नानी को समर्पित की है। अगले हफ्ते ये फिल्म भारत में रिलीज हो रही है। पायल से ये खास बातचीत की है 'अमर उजाला' के सलाहकार संपादक पंकज शुक्ल ने। ये फिल्म मेरी नानी की कहानी से ही शुरू होती है। मेरा बचपन नानी के साथ ही बीता है और उनका बहुत प्रभाव रहा है मेरे ऊपर। फिल्म में जो बुजुर्ग महिला आप देखते हैं जो अपने दिवंगत पति के बारे में बातें करती रहती है, वह मेरी नानी के जीवन से ली गई घटना है। जब मेरी नानी की उम्र करीब 95 साल थी तो उन्हें लगा कि उनकी याददाश्त जा रही है तो उन्होंने एक डायरी लिखनी शुरू की। इस डायरी में वह अपनी यादें लिखती थीं। मैंने उनकी अनुमति लेकर ये डायरी पढ़नी शुरू की तो उसमें उन्होंने लिखा है, ड्ढमेरे पति आए हैं मुझसे मिलने और वह वहां पर खड़े थे।जब मेरी नानी 55 साल की थीं तो मेरे नाना गुजर गए। मैंने उन्हें कभी देखा नहीं। आप सोचिए मेरी नानी 55 साल से लेकर 95 साल तक अकेली थीं। मैं तो यही सोच रही थी कि जितने साल वह शादीशुदा नहीं रहीं, उससे ज्यादा जीवन तो उन्होंने अकेले बिताया। और, उस समय तो ये सोचना भी अजीब ही होता होगा कि कोई दूसरी शादी करे। उन दोनों के आपसी रिश्ते भी बहुत अच्छे नहीं थे, ऐसा मुझे मेरी मां ने बताया था। हां, वह अंग्रेजी में कहते हैं ना 'ओड', किसी व्यक्ति विशेष को लक्षित कर की गई रचना। तो ये एक ओड है मेरी नानी के लिए। ये सब मैंने उनकी डायरी में ही पढ़ा। वह परेशान रहती थीं। उन्हें तंबाकू की महक आती रहती थी। और, ये सब पढ़ते हुए मैं वही सोचती थी कि ये जो पुरुष किरदार हैं, ऐसे किरदार जो हमारे जीवन में हमें नहीं चाहिए। फिर भी वे आते ही रहते हैं किसी भूत की तरह। ये वही है किसी जगह बिना बात के रुके रहना। रिश्तों का वह एहसास जो हम इस समाज के चलते आसानी से छोड़ नहीं सकते। मैंने ये फिल्म अपनी नानी के अस्पताल में भर्ती होने के समय सोची। वहीं सिस्टर लवली से मुलाकात हुई। चिकित्सकीय पेश का पूरा माहौल मुझे वहीं से मिला। आप देखेंगे तो वहां अधिकतर महिलाएं ही काम करती हैं। महिलाओं पर ही गर्भ निरोधन की जिम्मेदारी भी पुरुष डालना चाहते हैं। मुझे ये सब बहुत प्रवचन जैसा तो नहीं, लेकिन फिर भी फिल्म में रखना था। छह साल पहले से ये कहानी मेरे जहन में थी। कायदे से इसे लिखना मैंने दो साल पहले शुरू किया। अगर फिल्म का निर्देशक भारतीय है तो नियम के मुताबिक इसे भारतीय फिल्म माना जा सकता है। लेकिन हां, हमारा ये संयुक्त निर्माण है। संयुक्त निर्माण का पूरा खेल ही ये होता है कि अलग अलग देशों की सरकारों से इसे आर्थिक सहायता मिलती है। हमें यहां से भी टैक्स में छूट मिली थी।

## मशहूर गायक ने अपनी आवाज खोने का किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर गायक और संगीतकार शेखर रवजियानी ने अपने प्रशंसकों को तब हैरान कर दिया, जब उन्होंने खुलासा किया कि उनकी आवाज चली गई थी। सिंगर ने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी खोई हुआ आवाज कैसे वापस पाई।बॉलीवुड के मशहूर गायक और संगीतकार शेखर रवजियानी ने सोमवार को ऐसा खुलासा किया जिसने, प्रशंसकों को हैरान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए बताया कि दो साल पहले उनकी आवाज चली गई थी। उनके इस खुलासे ने प्रशंसकों को बेहद चिंता और हैरानी में डाल दिया। गायक ने बताया कि वह वोकल कॉर्ड पैरालिसिस से कैसे उबरे।शेखर और विशाल ददलानी की जोड़ी काफी मशहूर है। इस जोड़ी ने कई हिट गाने दिए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ठयह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने पहले कभी नहीं कहा...आज इसे शेयर करने का मन कर रहा है। मैंने दो साल पहले अपनी आवाज खो दी थी। लेफ्ट वोकल कॉर्ड पैरेसिस - यह डॉ. नुपुर नेरुरकर का विशेषज्ञ निदान था। मैं बर्बाद हो गया था। ईमानदारी से कहूं तो मैं निराशावादी था...मुझे लगता था कि मैं फिर कभी नहीं गा पाऊंगा।गायक ने आगे कहा, ठमेरा परिवार चिंतित था और मैं उन्हें तनावग्रस्त देखकर खुश नहीं था। मैंने बस और अधिक प्रार्थना की। मैंने काम करना बंद नहीं किया। कोशिश करता रहा, आगे बढ़ता रहा।

## शॉन लेवी की फिल्म ने ओटीटी पर भी काटा गदर, 'ब्लैक पैंथर' के रिकॉर्ड को किया ध्वस्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शॉन लेवी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने ओटीटी पर भी महारत हासिल की है। फिल्म ने छह दिनों के भीतर वैश्विक स्तर पर 2.5 लाख (19.4 मिलियन) व्यूज हासिल कर कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने एमसीयू को एक बहुत बड़ी हिट दी है और सिनेमाई इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म का खिताब हासिल किया है। सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद फिल्म अब दुनिया भर में ओटीटी स्ट्रीमिंग के उपलब्ध है। शॉन लेवी के निर्देशन में बनी एमसीयू की इस फिल्म को अपने स्ट्रीमिंग डेब्यू में मजबूत शुरुआत मिली।'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की ओटीटी दस्तक 12 नवंबर को डिज्नीः पर हुई। वहीं, डिज्नी के अनुसार, मार्वल स्टूडियोज की फिल्म को छह दिनों की स्ट्रीमिंग के दौरान वैश्विक स्तर पर तकरीबन



2.5 लाख (19.4 मिलियन) बार देखा गया। इस तरह यह साल 2023 की फिल्म 'ब्लैक पैंथरः वकंडा फॉरएवर' के बाद दुनिया भर में डिज्नीः पर सबसे ज्यादा देखी गई लाइव एक्शन फिल्म बन गई है। तुलना के लिए, डिज्नी ने सितंबर में बताया कि एनिमेटेड फिल्म 'इनसाइड आउट 2' ने डिज्नीः पर अपने पहले पांच दिनों में 30.5 मिलियन व्यूज हासिल किए।इससे पहले 'डेडपूल और वूल्वरिन' 1 अक्तूबर को स्टेटसाइड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हुई और इसने 'लायंसगेट' की 'जॉन विकः चैप्टर 4' को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ यह घरेलू डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आर-रेटेड फिल्म के लिए पहले हफ्ते में सबसे ज्यादा बिकने वाली फिल्म साबित हुई। स्थान 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के नाम कई और रिकॉर्ड हैं। यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली घरेलू फिल्मों में 5वें स्थान पर, अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों में दसवें स्थान पर और वैश्विक स्तर पर एमसीयू फिल्मों में सातवें स्थान पर काबिज है। इसने 2016 की 'डेडपूल' को पीछे छोड़ते हुए आर रेटेड फिल्मों की श्रेणी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली वैश्विक ओपनिंग की।'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को ए सिनेमा स्कोर मिला है। डेडपूल और वूल्वरिन' ने जुलाई 2024 में सिनेमाघरों में अपनी दमदार शुरुआत की। 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दो सबसे पसंदीदा किरदारों- रयान रेनॉल्ड्स के 'डेडपूल' और ह्यू जैकमैन के 'वूल्वरिन' को एक साथ लेकर आई। फिल्म ने भारत में अपने पहले हफ्ते में 89.65 करोड़ रुपये कमाए। शॉन लेवी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1.3 बिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई की और 2024 की दूसरी सबसे बड़ी फिल्म बन गई। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स (डेडपूल) और ह्यू जैकमैन (वूल्वरिन) मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही फॉक्स यूनिवर्स से मोरेना बैकारिन (वैनेसा), लेस्ली उग्गाम्स (ब्लाइंड अल), रॉब डेलाने (पीटर), ब्रायना हिल्डेब्रांड (नेगासोनिक टीनेज वॉरहेड) और शिओली कुत्सुना (युकिओ) भी इसमें शामिल हैं। एमसीयू में नए प्रवेशकों एम्मा कोरिन (कैसेंड्रा नोवा) और मैथ्यू मैकफैडेन (एक टीवीए एजेंट) ने कलाकारों की शक्ति को और भी बढ़ा दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।